

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 महिला टी20 विश्व कप जीतने के प्रबल दावेदारों में भारत.........

भाजपा नायब सिंह सैनी का दिखा रही क्रेज और मनोहर खट्टर से......... 12



वर्ष : 15 | अंक : 165 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 27 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी चार दिन की ग्रीस यात्रा पर

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी आज से 29 सितंबर तक ग्रीस की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उनकी चार दिवसीय यह यात्रा भारत और ग्रीस के बीच द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के लिए चल रहे प्रयासों का हिस्सा है, जिसमें नौसेना सहयोग को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उनकी इस यात्रा से दोनों नौसेनाओं के बीच मित्रता और सहयोग और

● दोनों नौसेनाओं के बीच मित्रता और सहयोग और मजबूत होने की उम्मीद

मजबूत होने की उम्मीद है, जिससे आपसी हितों के क्षेत्रों में सहयोग में वृद्धि होगी। यात्रा के दौरान नौसेना प्रमुख वरिष्ठ यूनानी रक्षा अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे, जिनमें रक्षा उप मंत्री



● हेलेनिक नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों से होगी अहम मुद्दों पर द्विपक्षीय चर्चा

इयोनिस केफालोगियानिस, हेलेनिक नेवी जनरल स्टाफ (एचजीएनएस) के प्रमुख वाइस एडमिरल दिमित्रियोस ई कटारस, हेलेनिक नेशनल डिफेंस जनरल स्टाफ के उप प्रमुख वाइस एडमिरल क्रिस्टोस ससियाकोस शामिल होंगे।

चचाओं में रक्षा सहयोग के व्यापक क्षेत्रों, विशेष रूप से समुद्री सुरक्षा, संयुक्त प्रशिक्षण पहल और दोनों नौसेनाओं के बीच भविष्य में परिचालन सहयोग के मौके तलाशे जाने की उम्मीद है। यात्रा के दौरान एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी सलामिस खाड़ी, हेलेनिक नौसेना बेड़े के बेस के साथ-साथ हेलेनिक नौसेना अकादमी का दौरा करेंगे। हेलेनिक नौसेना ने उन्हें अपनी संपत्तियों के प्रदर्शनों से ग्रीस की नौसेना क्षमताओं और प्रशिक्षण पद्धतियों से परिचित कराने की योजना बनाई है। हेलेनिक नौसेना प्रमुख प्रसिद्ध जॉर्जियोस एवेरोफ, हेलेनिक नौसेना संग्रहालय जहाज पर भारतीय सीएनएस की मेजबानी करेंगे, जिससे उन्हें ग्रीस के समृद्ध समुद्री इतिहास और नौसेना विरासत की झलक मिलेगी। नौसेना प्रमुख की यह यात्रा भारत और ग्रीस के बीच मजबूत नौसैनिक संबंधों को रेखांकित करती है, जिसमें संयुक्त अभ्यास, बंदरगाह दौरे और क्षमता निर्माण पहल शामिल हैं।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 75,885 |
| चांदी | 92,500 |
| सेंसेक्स | 84,554 |
| निफ्टी | 25,790 |

## संक्षिप्त खबरें

### पैरासिटामोल सहित 50 दवायें परीक्षण में विफल

नई दिल्ली। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने बाजार में बिक रही पैरासिटामोल सहित 50 से अधिक दवाओं को निर्धारित गुणवत्ता के अनुरुप नहीं पाया है। सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि सीडीएससीओ के परीक्षण में 50 से अधिक दवाएं गुणवत्ता के अनुरुप नहीं पायी गयी है। इन दवाओं का परीक्षण सीडीएससीओ की कोलकाता प्रयोगशाला ने पिछले माह किया था। सूत्रों ने बताया कि इनमें पैन डी और प्रतिरोधक, रक्तचाप, मधुमेह, विटामिन, पेट संक्रमण, कैल्सियम से संबंधित और अन्य दवाएं शामिल हैं। गुणवत्ता में विफल रहने के बाद संबंधित कंपनियों ने इन दवाओं को बाजार से हटाना होगा। ये कंपनिया मूल रुप से सिक्किम, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की हैं।

# एनएएससी कॉम्प्लेक्स में 83वें सीएसआईआर स्थापना दिवस समारोह आयोजित

नई दिल्ली, एजेंसी

मेरे लिए इससे ज्यादा खुशी की बात और कुछ नहीं हो सकती, क्योंकि इस कमरे में मौजूद प्रत्येक व्यक्ति मेरा आदर्श है। आपका योगदान मजबूत भारत की रीढ़ है, खामोशी से किए जा रहे आपके कार्य का प्रभाव, अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक महसूस किया जा सकता है, आपसे प्रयास से भारत में बदलाव आ रहा है। मेरे लिए यहां होना एक महान अवसर है, जो कि एक बेहद विशिष्ट प्रीमियम प्लेटिनम श्रेणी है, जो दुनिया के एक छठाई भाग जनसंख्या के घर, भारत के विकास के इतिहास को परिभाषित कर रही है। भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय के सूद को नागरिक सम्मान पद्म श्री से सम्मानित करने का फैसला सर्वश्रेष्ठ हैं, क्योंकि वे इस सम्मान के योग्य हैं। हांलाकि समय सीमा के चलते उनका भाषण संक्षेपित, लेकिन बेहद प्रेरणास्पद था। उन्होंने बताया कि सभी हितधारकों में एकरुपता साफ देखी जा सकती है, जो भारत के उदय की दिशा में निरंतरता सुनिश्चित करती है। डॉ. के. राधाकृष्णन का व्याख्यान, बुद्धिमत्ता के लिए एक उपहार साबित होगा, जो एकता के साथ सामंजस्य करने की बात करता है। सामंजस्य का मतलब अपने दृष्टिकोण को अपने अंदर रखना नहीं है बल्कि, सामंजस्य का अर्थ दूसरों को भी अपना दृष्टिकोण रखने



के लिए पर्याप्त स्थान देना है। किसी के दृष्टिकोण को अगर नहीं अपनाना है तो भी उसे अचानक कहने के बजाय, सम्मानपूर्वक जाहिर करना चाहिए। यह सभी मूल्य एक समूह में काम करने से ही आते हैं, तभी एक टीम के रुप में तालमेल बिठाकर आगे बढ़ा जा सकता है और उनसे सबक लिया जा सकता है। मैंने अपनी टीम को इसे रिकार्ड करने के लिए निर्देशित किया है। मैं और राज्यसभा एवं संसद के मंच के माध्यम से लाखों लोग इसे देख सकेंगे। सीएसआईआर की महानिदेशक डा. एन कलईसेल्वी को हम निरंतर एक जुनून, मिशन और क्रियान्वयन की भावना के साथ कार्य करते हुए देखते हैं। मुझे बहुत अच्छी तरह से अपनी यात्रा याद है, जहां वे भी थीं। मैंने वहां स्वयं देखा कि उनकी टीम कितने कौशल के साथ काम करती है और उनमें कितना सामर्थ्य है। मुझे देहरादून जाने का भी अवसर मिला, जहां वे उपस्थित नहीं थी ,लेकिन हमें उनपर गर्व हैं क्योंकि उन्होंने टीम भावना दिखाते हुए कभी भी किसी भी सफलता का श्रेय खुद नहीं लिया। इन भारतीय परंपरागत मूल्यों ने मेरे दिल को छू लिया। डा. जी महेश, सीएसआईआर स्थापना दिवस समारोह के अध्यक्ष हैं। हम डा. माशेलकर की तरह हर उस विशिष्ट व्यक्तित्व की, यहां उपस्थिति के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं, जिन्होंने सीएसआईआर की मजबूत नींव रखी।डा. समीर ब्रहमचारी हमारे बीच में हैं। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोग खासकर आगे की पंक्ति में बैठे गणमान्य व्यक्तियों का हम स्वागत करते हैं। जिस प्रकार शिक्षा कभी खत्म नहीं होती, वह तब भी खत्म नहीं होती, जब किसी संस्थान को छोड़ देते हैं। ये एक निरंतर प्रक्रिया है, जिस दौरान हम हमेशा सीखते हैं। इसी प्रकार कुछ लोगों ने भले ही सीएसआईआर को छोड़ दिया है, लेकिन उनका इस महान संस्थान के साथ रिश्ता हमेशा रहेगा। मैं यहां केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के अध्यक्ष श्री जैन का विशेष रुप से उल्लेख करना चाहता हूं। माननीय मंत्री जी, जो इस क्षेत्र के प्रति बहुत उत्साहित हैं, वे यहां आना चाहते थे, लेकिन वे अतिमहत्वपूर्ण व्यस्तताओं के चलते नहीं आ सके। देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, शोधकर्ता, कर्मचारीगण और कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों समेत पूरे वैज्ञानिक समुदाय को मेरी शुभकामनाएं। हम आप सभी के योगदान के लिए आभारी हैं, जिनकी वजह से आज हम विकसित भारत का ये स्वरूप देख पा रहे हैं। यह दिन केवल सीएसआईआर के लिए विशेष नहीं है, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए एक खास दिन है क्योंकि अगर हम अपने इतिहास के पन्नों में देखें, तो हमें ज्ञात होगा कि हमारे पास वैज्ञानिक शक्ति थी। हम वैश्विक नेता थे, हम वैज्ञानिक ज्ञान के मामले में वैश्विक केंद्र थे। हमारे द्वारा की गईं खोजों और आविष्कारों ने दुनिया को गौरवान्वित किया। फिर हम कहीं रास्ता भूल गए, लेकिन हम फिर से अपने तरक्की के मार्ग पर आ रहे हैं। यह आपका स्थापना दिवस है, लेकिन यह भारत की मजबूत नींवों से अटूट रूप से जुड़ा हुआ है। आप उस सबसे जीवंत और प्रभावशाली लोकतंत्र की मजबूत नींव को और मजबूत कर रहे हैं। आप उस राष्ट्र की नींव को मजबूत कर रहे हैं, जिसमें इस तरह का विकास पहले कभी नहीं देखने को मिला और विकास का ये सफर रुकने वाला नहीं है। यह उन्नति , जल्दी नहीं तो भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाकर अपने शीर्ष पर पहुंचेगी। मैं यहां आपकी और आपसे संबंधित संस्थानों की गतिविधियों को देख पा रहा हूं। यह इस बात का सुबूत है कि हम विज्ञान की दुनिया में अपनी पूर्व प्राचीन महिमा को फिर से हासिल करने की ओर बढ़ रहे हैं। जैसा कि मैंने कहा, आपके योगदान बेहद चुपचाप तरीके से जारी है, लेकिन वे भौतिक रूप से, सकारात्मक रूप से और स्पष्ट रूप से 1.4 बिलियन लोगों के जीवन पर प्रभाव डालती हैं। यहां मैं आपके लिए 'साइलो' शब्द का सकारात्मक अर्थ में उपयोग कर रहा हूं। सीएसआईआर को वैज्ञानिक और कल्पनाशील राष्ट्र के लिए एक कैटलिस्ट के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। सी से कैटालिस्ट, एस से साइंटिफिकली, आई से इमेजिनेटिवली और आर से राष्ट्र। गणमान्य अतिथियों, यह मेरे लिए बेहद सम्मान और विशेषाधिकार की बात है, और यह मेरी यादों में सदैव बना रहेगा, कि मैं सीएसआईआर के 83वें स्थापना दिवस का हिस्सा बन रहा हूं।

# पीएम मोदी ने गुजरात में खेल महाकुंभ की पहल को किया याद

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का खेल जगत से गहरा नाता रहा है। चाहे खेल कोई भी हो पीएम मोदी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करने से कभी पीछे नहीं हटे। हाल ही में शतरंज ओलंपियाड विजेताओं के साथ खास बातचीत के दौरान उन्होंने गुजरात में ह्यखेल महाकुंभह्ल पहल की याद ताजा की। पीएम मोदी ने अपने सरकारी आवास पर शतरंज ओलंपियाड स्वर्ण विजेता टीमों के साथ अपनी बैठक का एक वीडियो भी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया। गुरुवार को एक्स पर उन्होंने लिखा, ह्ल45वें फिडे शतरंज ओलंपियाड जीतने वाली भारतीय शतरंज टीम के साथ अद्भुत बातचीत। अपनी एक पुरानी पहल को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ह्लजब मैं गुजरात में मुख्यमंत्री पद पर था, तो मेरी सरकार खेल महाकुंभ चलाती थी, जिसमें विभिन्न विषयों के अंतर्गत लाखों छात्र भाग लेते थे। समय के साथ, कई युवा प्रतिभाओं की पहचान हुई। उन्होंने कहा, उस समय हमने हर वर्ग-आयु के लोगों को इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने देश में खेल संस्कृति विकसित करने के अलावा ह्यउपलब्धियों और चैंपियनोंह्ल को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, ह्लमेरा दृढ़ विश्वास है कि देश में प्रतिभाओं



की भरमार है। नागरिकों में खेल भावना की संस्कृति विकसित की जानी चाहिए और इसे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। हर क्षेत्र में ऐसे खिलाड़ी होने चाहिए जो देश का झंडा ऊंचा रख सकें। शतरंज चैंपियनों के साथ विकसित भारत पर अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, खेल, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहित सभी क्षेत्रों में प्रमुखता और प्रभुत्व हासिल करना चाहिए।सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक अन्य वीडियो में शतरंज ओलंपियाड खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री से मुलाकात के अपने अनुभव को साझा किया। हाल ही में हंगरी में संपन्न हुए 45वें शतरंज ओलंपियाड में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष और महिला टीमों के साथ प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात शानदार रही। इस दौरान खिलाड़ियों और पीएम का मजाकिया अंदाज भी दिखा। चेस टीम ने प्रधानमंत्री को चेस बोर्ड गिफ्ट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रगनानंदा और अर्जुन एरिगैसी के गेम का लुत्फ भी उठाया।

# महालक्ष्मी के व्यवहार से तंग आकर उसे 59 टुकड़ों में काटा, हत्यारे के सुसाइड नोट से हुआ खुलासा

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु शहर में एक दिल दहला देने वाला अपराध हुआ है। यहां एक 26 साल की महिला महालक्ष्मी की हत्या कर दी गई। हत्यारे ने उसके शरीर को 59 टुकड़ों में काट दिया और उन टुकड़ों को एक फ्रिज में रख दिया। संदिग्ध हत्यारे ने अपनी मौत से पहले लिखे नोट में इसकी जानकारी दी है। उसने यह क्रूर अपराध इसलिए किया क्योंकि वह महालक्ष्मी के व्यवहार से तंग आ चुका था। पुलिस ने पीड़िता महालक्ष्मी के सहकर्मी मुक्ति रंजन रॉय का लिखा सुसाइड नोट बरामद कर लिया है। इस नोट में उसने बेंगलुरु शहर को हिला देने वाले भयानक अपराध को कबूल किया है। सूत्रों ने बताया कि सुसाइड नोट उसकी डायरी में लिखा गया था। आरोपी ने अपनी डायरी में लिखा था, ह्लमैंने 3 सितंबर को अपनी प्रेमिका महालक्ष्मी की हत्या कर दी है। सूत्रों ने बताया कि उसने नोट में यह भी लिखा कि वह उसके घर गया था और उसकी 3 सितंबर को हत्या कर दी। उसने कहा था, मैं उसके व्यवहार से तंग आ चुका था। मैंने निजी मामलों को लेकर उससे झगड़ा किया और महालक्ष्मी ने मुझ पर हमला किया। उसके कृत्य से क्रोधित होकर मैंने उसे मार डाला। डायरी में उसने लिखा, उसकी हत्या करने के बाद मैंने उसके शरीर के 59 टुकड़े किए और उन्हें फ्रिज में रख दिया। पुलिस, हत्यारे मुक्ति रंजन रॉय के बारे में जानकारी जुटा रही थी, तभी उसे यह नोट मिला। रॉय ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वह ओडिशा के भद्रक जिले के एक गांव में पेड़ से लटका हुआ मिला था। पुलिस सूत्रों ने बताया, संदिग्ध हत्यारा बुधवार को पांडी गांव पहुंचा था और घर पर ही रुका था। वह दोपहिया वाहन पर घर से निकला था। स्थानीय लोगों को उसका शव मिला। मुक्ति रंजन हत्या की घटना के बाद से लापता था। कर्नाटक पुलिस ने उसकी तलाश के लिए चार टीमें ओडिशा भेजी थीं। संदिग्ध हत्यारे ने 1 सितंबर से काम पर आना बंद कर दिया था। महालक्ष्मी का काम का आखिरी दिन भी 1 सितंबर को ही था। पुलिस ने कहा कि संदिग्ध हत्यारा वहां टीम का हेड था जहां महालक्ष्मी काम करती थी। हत्या का मामला पिछले शनिवार को तब सामने आया जब पड़ोसियों ने दो दिनों से महालक्ष्मी के घर से दुर्गंध आती देखी और इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। पुलिस ने बताया कि महालक्ष्मी की मां और बहन शनिवार को उसके घर पहुंची और उन्होंने यह खौफनाक मंजर देखा। महालक्ष्मी की हत्या कर दी गई थी, उसके शव को कई टुकड़ों में काटकर फ्रिज में रख दिया गया था। हालांकि फ्रिज चालू था, लेकिन शव में कीड़े लग गए थे।

# हरियाणा ने भाजपा को सेवा का एक और मौका देने का मन बनाया : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को हरियाणा के भाजपा कार्यकताओं को चुनाव में विजय का मंत्र देते हुए कहा कि जो पोलिंग बूथ जीतता है, वह चुनाव जीतता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता ने भाजपा को सेवा का एक और मौका देने का मन बना लिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने नमो ऐप के माध्यम से हरियाणा भाजपा के 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के हर कार्यकर्ता के लिए देशहित सर्वोपरि है। उन्होंने बूथ कार्यकताओं से घर-घर जाकर मतदाताओं से संवाद करने और सरकार की योजनाओं के लाभों पर चर्चा करने को कहा। मोदी ने कहा कि हरियाणा की जनता ने भाजपा को फिर से एक बार सेवा करने का मौका देना तय कर लिया है। उनको खुशी है कि 10 साल में बिना भ्रष्टाचार के सरकार चलाना, ये हरियाणा में पहली बार हुआ है। प्रदेश के युवाओं को बिना पर्ची, बिना खर्ची के रोजगार मिलना, ये हरियाणा में पहली बार हुआ है। इसलिए हरियाणा की जनता हमारे साथ है, उनका आशीर्वाद हमारे साथ है, विजय निश्चित है।कांग्रेस की आंतरिक कलह को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा, ह्लआज कल तो आप देख रहे हैं, कांग्रेस के लाउडस्पीकर जो बड़े-बड़े दावे कर रहे थे, उनका करंट भी कमजोर हो गया है। कोई कह रहा है कि कांग्रेस हर दिन कमजोर होती जा रही है और पिछले 10 साल में कांग्रेस विपक्ष के रूप में भी विफल रही है। उन्होंने कहा, ह्लउनका (कांग्रेस) ज्यादातर समय गुटबाजी में लड़ाई करने में, एक दूसरे का हिसाब चुकता करने में खप रहा है।

# जेब से होने वाला स्वास्थ्य व्यय घटकर 2021-22 में 39.4 प्रतिशत रहा : नीति आयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। जेब से होने वाले स्वास्थ्य व्यय में हाल के वर्षों में काफी कमी देखने को मिली है। यह 2021-22 में गिरकर 39.4 प्रतिशत रहा, जो कि 2013-14 में 64.2 प्रतिशत पर था। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉक्टर वीके पॉल की ओर से यह जानकारी दी गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के 2020-21 और 2021-22 के नेशनल हेल्थ अकाउंट (एनएचए) के अनुमान जारी करते हुए पॉल ने कहा कि स्वास्थ्य पर जेब होने वाले खर्च में कमी आना एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने आगे कहा, आयुष्मान भारत पीएमजेएवाई से 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है और इसका हाल के एनएचए अनुमानों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि 2015-16 में लॉन्च की गई फ्री डायलिसिस जैसी स्कीम का फायदा 25 लाख लोगों को मिला है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने जेब से स्वास्थ्य व्यय घटने को सकारात्मक संकेत बताते हुए कहा कि इस दौरान सरकार द्वारा किए जाने वाले स्वास्थ्य व्यय में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। चंद्रा ने आगे कहा कि यह दिखाता है कि सरकार का स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर दे रही है। एनएचए के 2021-22 के अनुमान दिखाते हैं कि सरकार का स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च बढ़ा है। आंकड़ों के मुताबिक, सरकार का स्वास्थ्य पर खर्च (जीएचई) 2021-22 में जीडीपी का 1.84 प्रतिशत रहा है, जो कि 2014-15 में 1.13 प्रतिशत था। इसके अलावा सामान्य सरकारी खर्च (जीजीई) में इसकी हिस्सेदारी बढ़कर 2021-22 में 6.12 प्रतिशत हो गई है, जो कि 2014-15 में 3.94 प्रतिशत थी। आंकड़ों में बताया गया कि 2019-20 और 2020-21 के बीच स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च में 16.6 प्रतिशत और 2020-21 और 2021-22 के बीच स्वास्थ्य पर खर्च में 37 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। देश में कुल स्वास्थ्य खर्च में जीएचई की हिस्सेदारी 2021-22 में बढ़कर 48 प्रतिशत की हो गई है, जो कि 2014-15 में 29 प्रतिशत थी। इस दौरान जेब से होने वाले खर्च की हिस्सेदारी 62.6 प्रतिशत से घटकर 39.4 प्रतिशत पर आ गई है।

### प्रधानमंत्री ने तीन परम रुद्र सुपर कंप्यूटिंग सिस्टम का उद्घाटन किया

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीन परम रुद्र सुपर कंप्यूटिंग सिस्टम का उद्घाटन किया। उन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में इसे भारत के लिए बड़ी उपलब्धि का दिन बताया। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि परम रुद्र सुपर कंप्यूटर और एचपीसी प्रणालियों के साथ भारत ने कंप्यूटिंग में आत्मनिर्भरता और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी की दुनिया में भारत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि का दिन है। आज का दिन इस बात का भी प्रतिबिंब है कि 21वीं सदी का भारत किस तरह विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान को प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ रहा है।

# बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी के अंतिम संस्कार के लिए परिजनों ने सुरक्षा की मांग की

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र में बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी अक्षय शिंदे के रिश्तेदारों ने उसका अंतिम संस्कार करने के लिए बृहस्पतिवार को सुरक्षा की मांग की। शिंदे की पुलिस हिरासत में जवाबी गोलीबारी में मौत हो गई थी। उसके चाचा अमर शिंदे ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने उसका शव दफनाने के लिए स्थान का चयन अब तक नहीं किया है। उन्होंने कहा, हम उसे दफनाने के लिए जगह की तलाश कर रहे हैं। पुलिस ने हमें कुछ जगह दिखाने के लिए बुलाया है। हम शव को सुरक्षित जगह पर दफनाएंगे। अमर शिंदे ने कहा कि अक्षय के माता-पिता और उसके वकील को सुरक्षा मुहैया कराई जानी चाहिए क्योंकि उनकी जान को खतरा है। उन्होंने कहा, ह्लहमने इस अनुरोध के साथ उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री (देवेंद्र फडणवीस) को भी एक ईमेल भेजा है। अमर शिंदे (24) पर ठाणे जिले के बदलापुर स्थित एक स्कूल में दो बच्चियों के यौन उत्पीड़न का आरोप था। पुलिस के अनुसार, सोमवार शाम को उसे तलोजा जेल से बदलापुर वापस ले जाया जा रहा था, तभी ठाणे के निकट मुंब्रा बाईपास पर गोलीबारी हुई, जिसमें उसकी मौत हो गई। किंडरगार्टन की दो बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न की घटना के बाद पिछले महीने बदलापुर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ था।

**लोकतंत्र** 40 हजार लोग अब लोकतंत्र का जश्न मना रहे हैं...........

# तीन परिवारों ने 70 वर्षों तक जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र को कुचला : शाह

जम्मू, एजेंसी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के आखिरी चरण में प्रचार के लिए आये केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और राहुल गांधी पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा ये लोग किस मुंह से कह रहे हैं कि हम जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र लाएंगे? अब्दुल्ला परिवार, मुफ्ती परिवार और नेहरू-गांधी परिवार ने 70 वर्षों तक यहां लोकतंत्र को कुचला। चनैनी में आयोजित जनसभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने अफजल गुरु की



फांसी की सजा के विरोध को लेकर उमर अब्दुल्ला पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि हमारी देश की संसद पर जिस अफजल गुरु ने हमला करवाया, उसकी फांसी का यह लोग विरोध कर रहे हैं। उमर अब्दुल्ला कहते हैं कि अफजल गुरु को फांसी नहीं देनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि अब्दुल्ला साहब आप आतंकवादियों को बिरयानी खिलाते रहिए लेकिन आतंक फैलाने का जवाब फांसी के तख्ते पर ही दिया जाएगा। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अब जम्मू-कश्मीर में पंच और सरपंच के चुनाव हो चुके हैं और 40 हजार लोग अब लोकतंत्र का जश्न मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले तीन राजनीतिक परिवारों ने नेपटिजम को बढ़ावा दिया लेकिन मोदी सरकार के प्रयासों से युवा अब निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद के इतिहास पर भी प्रकाश डाला और कहा कि 40 साल तक यहां आतंकवाद का साया रहा, जिसमें 40 हजार लोग मारे गए। मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया, जिसके बाद न तो पत्थरबाजी होती है और न ही गोलियां चलती हैं। अमित शाह ने चेतावनी दी कि कांग्रेस और एनसी जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को फिर से लाना चाहती हैं लेकिन हम आतंकवाद को पाताल तक दफन करके ही दम लेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के रहते किसी में इतनी ताकत नहीं है कि जम्मू-कश्मीर में फिर से आतंकवाद लाए।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातः किरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 27 सितंबर, 2024


## संक्षिप्त समाचार

### एकल सदस्यीय समिति आयोग के अध्यक्ष ने ओबीसी सर्वे को लेकर की चर्चा

**देहरादून, एजेंसी।** नगर निगम सभागार में एकल सदस्यीय समिति आयोग के अध्यक्ष पूर्व न्यायाधीश बीएस वर्मा ने देहरादून शहर और स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के सर्वेक्षण के संबंध में शहरी विकास विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने निकायों के प्रतिनिधियों एवं अन्य लोगों की समस्याओं को भी सुना। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ट्रिपल टेस्ट फार्मूला से नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण तय होना है। इसके तहत आयोग का गठन किया गया है। आयोग को ओबीसी के राजनीतिक पिछड़ेपन का अध्ययन कर रिपोर्ट राज्य सरकार को देनी है। इसी कड़ी में मंगलवार को एकल सदस्यीय समिति आयोग के अध्यक्ष पूर्व जस्टिस बीएस वर्मा नगर निगम देहरादून में पहुंचे। उन्होंने ओबीसी सर्वेक्षण पर चर्चा की। जनप्रतिनिधियों ने भी ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई के बारे में जाना। बताया गया कि ओबीसी रेपिड सर्वे कराया गया था। इसका आधार 2011 की जनसंख्या है।

### सेंट जोसेफ स्कूल ने जमा नहीं की जुर्माने की राशि, आरसी काटने के दिए निर्देश

**देहरादून, एजेंसी।** सेंट जोसेफ स्कूल परिसर में गमलों में डेंगू मच्छर का लार्वा मिलने पर नगर निगम ने 10 दिन पूर्व एक लाख रुपये का चालान किया था। स्कूल प्रबंधन की ओर से चालान जमा नहीं किया। मामले में नगर आयुक्त ने स्कूल की आरसी काटने के निर्देश दिए हैं। आरसी कटने के बाद राजस्व विभाग रकम की वसूली करेगा। 13 सितंबर को नगर निगम की टीम मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खन्ना के नेतृत्व में सेंट जोसेफ स्कूल पहुंची थी। टीम ने वहां निरीक्षण किया तो पार्क में रखे गमलों में डेंगू का लार्वा मिला था। सफाई निरीक्षक मनीष, भूपेंद्र पंवार और राजेश पंवार ने लार्वा को मौके पर नष्ट करा दिया था। टीम ने एंटी लार्वा साइडर का छिड़काव भी किया था। नगर निगम की टीम ने स्कूल प्रबंधन पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया था और तीन दिन के भीतर जुर्माने की राशि नगर निगम के कोष में जमा कराने के निर्देश दिए थे। इस मामले में 10 दिन बीतने के बाद भी विद्यालय प्रबंधन ने जुर्माना जमा नहीं किया। नगर आयुक्त ने स्कूल की आरसी जारी करने के निर्देश दिए हैं। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

### बच्चों को भिक्षावृत्ति से बचाने के लिए की बैठक

**देहरादून, एजेंसी।** बाल भिक्षावृत्ति को रोकने के लिए जिला प्रोबेशन कार्यालय, चाइल्ड लाइन, समर्पण संस्था, बचपन बचाओ, आसरा ट्रस्ट व श्रम विभाग की टीम ने साझा बैठक की। इसमें कहा गया कि किसी भी टीम को यदि कभी भी पुलिस या एएचटीयू की आवश्यकता होती है, तो उन्हें तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान बचपन बचाओ के सुरेश उनियाल, टीएन जवाहर आदि मौजूद रहे। सिटी बस यूनियन की ओर से मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित किया गया। इसमें कहा गया कि दून में जिस तरह इलेक्ट्रिक बसों का संचालन जनता की सुविधा के लिए किलोमीटर योजता के तहत किया जा रहा है, उसी तर्ज पर निजी बस संचालक-सिटी बस संचालक भी सीएनजी-यूरो 6 बसों का संचालन किलोमीटर योजना में करने के लिए तैयार हैं। कहा सरकार इलेक्ट्रिक बसों को 66 रुपये 78 पैसे प्रति किलोमीटर संचालन के लिए दे रही है। सिटी बस संचालक देहरादून मंडल परिक्षेत्र की जनता को स्वच्छ ईंधन की वाहन सेवा 45 रुपये प्रति किलोमीटर में देने को तैयार हैं।

### बैंक में रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद, कपड़े फाड़े

**देहरादून, एजेंसी।** सिविल लाइंस स्थित एक बैंक में रुपये के लेनदेन को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। विवाद के दौरान एक ग्रामीण ने दूसरे की पिटाई कर दी। उसके कपड़े तक फाड़ दिए। सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन आरोपी तब तक फरार हो गया। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के कुमराड़ी गांव निवासी उस्मान का गांव के ही एक व्यक्ति से रुपयों का लेनदेन है। मंगलवार को वह रुड़की सिविल लाइंस में पोस्ट ऑफिस के पास स्थित एक बैंक में किसी काम से आए थे। इसी दौरान वहां पर दूसरा ग्रामीण आ गया। रुपयों के लेनदेन को लेकर इनके बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामला मारपीट तक पहुंच गया। दोनों में मारपीट हो गई। दूसरे पक्ष ने उसके कपड़े फाड़ दिए।

# एक्शन में ऊधमसिंह नगर पुलिस, एक और शूटआउट में सर्राफा लूटकांड के आरोपी काला को मारी गोली; अस्पताल में भर्ती



**काशीपुर, एजेंसी।**
जसपुर में हुए पुलिस मुठभेड़ के अगली ही रात पुलिस ने एक और शूटआउट में सर्राफा लूट कांड में वाछिंत चल रहे आरोपित साजिद उर्फ काला को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार की देर कुंडा थाना क्षेत्र में रात चेकिंग के दौरान फायरिंग के दौरान आरोपित के साथ मुठभेड़ हुई जिसमें आरोपित की पैर में पुलिस ने गोली मारी है। घटना के बाद साजिद को एलडी भट्ट अस्पताल लाया गया जहां उसे हायर सेंटर रुद्रपुर रेफर कर दिया गया। बीते एक दिन पूर्व ही पुलिस ने एक मुठभेड में जसपुर में 14 सितंबर को हुये लूट कांड के दो आरोपियों को घेर लिया था। बाइक सवार बदमाश जंगल की ओर भाग गये थे और पुलिस पर फायरिंग की जबाबी कार्रवाई में एक पुलिस की फायरिंग में एक बदमाश दिलशाद घायल हो गया था जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने बताया कि पुलिस फरार बदमाश की तलाश में जुटी हुई थी।

इसी मामले में बुधवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि फरार बदमाश साजिद कुंडा क्षेत्र में किसी घर में छिपा हुआ है और मिस्सरवाला से होकर उत्तर प्रदेश भागने की कोशिश में है। जिस पर पुलिस ने चैकिंग और तेज कर दी। रात में दो बाइक सवारों को जब चैकिंग के लिए रोका तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जबाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की तरफ से जारी बयान में कहा गया है साजिद की गिरफ्तारी के दौरान कई राउंड फायरिंग हुई। लूट व डकैती के विभिन्न मामलों में आरोपी बदमाश साजिद उर्फ काला पर दर्ज हैं। साजिद उर्फ काला पुत्र माजीद निवासी टांडा बदली जिला रामपुर थाना टांडा का रहने वाला है। आरोपित के पास से एक तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया गया। आरोपि साजिद का आपराधिक इतिहास की बात करें तो टांडा जिला रामपुर, मुरादाबाद, बाजपुर व जसपुर क्षेत्र में लूट, हत्या के प्रयास व अन्य कई मामलों में मुकदमा दर्ज है। दिलाशाद व साजिद ने मिलकर जसपुर व्यापारी से लूट की घटना को अंजाम दिया था।

**तीन साल की मासूम से दुष्कर्म का प्रयास, हाथ भी तोड़ा, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार:** शनिवार को प्रतापपुर निवासी पिता ने पुलिस को तहरीर सौंपकर पड़ोसी युवक पर तीन वर्षीय बेटी से दुष्कर्म करने के प्रयास का आरोप लगाया। मामले में पुलिस ने प्राथमिकी पंजीकृत कर ली थी। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी को कॉम्बिंग कर गन्ने के खेत से गिरफ्तार कर लिया है।

क्षेत्र निवासी पीड़ित पिता ने शनिवार को पुलिस के डायल 112 पर फोन कर तीन साल की बेटी के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किए जाने की सूचना दी। इस दौरान आरोपित ने मासूम का हाथ भी तोड़ दिया था। नाबालिग बालिका के साथ हुई उक्त घटना की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थानाध्यक्ष देवेन्द्र गौरव, उप निरीक्षक रजनी गोस्वामी, संजय कुमार के साथ तत्काल घटनास्थल को रवाना हुए। जिसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपित पड़ोसी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी पंजीकृत की।

सूचना मिली कि आरोपित गन्ने के खेत में छिपा हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस की टीम ने खेत में कॉम्बिंग कर गन्ने के खेत से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम नानकमत्ता थानाध्यक्ष देवेन्द्र गौरव, उप निरीक्षक रजनी गोस्वामी, संजय कुमार, कांस्टेबल दीपक कुमार, विजय कार्क, गिरीश चन्द्र, लोकेश तिवारी, प्रकाश आर्या मौजूद रहे।

### विकासनगर में तापमान कम हुआ, पर गर्मी और उमस से राहत नहीं

**देहरादून, एजेंसी।** तापमान में चार डिग्री की कमी आई है। लेकिन, तापमान गिरने के बाद भी लोगों को गर्मी और पसीने से तर बतर कर देने वाली उमस से राहत नहीं मिल पाई। बिना कूलर और एसी चलाए लोग घरों और कार्यालयों में नहीं बैठ पा रहे हैं। घर से बाहर निकलते समय चिलचिलाती धूप से बचने के लिए महिलाएं और बच्चे छाते का सहारा ले रहे हैं। शाम को तापमान में कम हुआ। लेकिन, गर्मी और उमस बनी रही।

मंगलवार को विकासनगर, हरबर्टपुर, सहसपुर और सेलाकुई में अधिकतम तापमान 34 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि, बीते सोमवार को तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। तापमान चार डिग्री लुढ़कने के बाद भी गर्मी और उमस से लोगों का पीछा नहीं छूट पाया। गर्मी और उमस के चलते बाजारों मे लोग खरीददारी के लिए कम निकले। स्कूल से लौटते समय बच्चे और अभिभावक तेज धूप के चलते पसीने से तर बतर हो गए। छाते चिलचिलाती धूप से बचाव तो कर रहे थे।

## 600 करोड़ की योजना से बिछाई सीवर लाइन शुरू होने से पहले टूटने लगी

**देहरादून, एजेंसी।**
धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में चार साल पहले सीवर लाइन बिछाने का शुरू हुआ काम आज तक पूरा नहीं हो सका है। एडीबी इसकी कार्यदायी एजेंसी है। लाइन कई जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गई है। आरोप है कि एडीबी के अधिकारियों ने सीवर लाइन डालने में भी लापरवाही की है। लाइन को बिंदाल नदी के किनारे के बजाय एक जगह पर नदी की तरफ मोड़ दिया। नदी की चौड़ाई कम होने से बरसात में पानी के बहाव से जगह-जगह से पुश्ता क्षतिग्रस्त हो गया है।

दरअसल, 600 करोड़ की योजना के अंतर्गत धर्मपुर विधानसभा के पांच वार्डों के लिए एडीबी की ओर से बिंदाल नदी के किनारे सीवर लाइन बिछाई गई है। लाइन से बंजारावाला, केदारपुर, मोथरोवाला, देहरखास, विद्या विहार वार्डों को कवर किया जाना है। चानचक होते हुए बिंदाल नदी से सीवर लाइन को एक स्कूल के पास एसटीपी में जोड़ा जाना है। पूर्व सभासद मोहम्मद यासीन, सतीश कुमार का आरोप है कि कार्यदायी एजेंसी ने चानचक पुल से सीवर लाइन को किनारे से हटाकर नदी में अंदर की तरफ मोड़कर पुश्ता बना दिया। इससे नदी की चौड़ाई कम हो गई। जब बरसात हुई तो नदी की चौड़ाई कम होने की वजह जगह-जगह से पुश्ता टूट गया है। आरोप है कि एक प्रापर्टी डीलर को लाभ पहुंचाने के लिए ऐसा किया गया है।

जब चानचक पुल के पास नदी के अंदर सीवर लाइन बिछानी शुरू की गई तो आसपास के लोगों ने योजना की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। कैंट के पूर्व सभासद मोहम्मद यासीन, निसार अहमद और गोपाल यादव समेत कई लोगों ने कार्यदायी एजेंसी एडीबी के अधिकारियों और जिलाधिकारी से शिकायत की। लेकिन सुनवाई नहीं हुई। बरसात में निर्माणाधीन सीवर लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। भाजपा नेता महेश पांडेय ने मामले में विधायक विनोद चमोली को स्थिति से अवगत कराया था और विधायक विनोद चमोली ने अधिकारियों के साथ मौका मुआयना करने की बात कही।

## ऋषिकेश बदरीनाथ हाईवे के पास धौलाधार में हादसा, कार खाई में गिरने से एक व्यक्ति की मौत



**देहरादून, एजेंसी।**
ऋषिकेश बदरीनाथ हाईवे के पास धौलाधार में कार खाई में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। कार सौ मी. गहरी खाई में गिरी थी।

ऋषिकेश बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर धौलाधार के पास देर रात्रि कार खाई में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत ने बताया कि बछेलीखाल ग्रमीणों द्वारा सूचना मिली कि धौलाधार के पास कोई वाहन गिरा है।सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ तहसीलदार एसएस रावत मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि वाहन सड़क से सौ मीटर नीचे खाई में गिरा था। अंधेरा और बड़ी झाड़ियों होने से पता नही लग पा रहा है कि वाहन में कितने लोग थे। मौके पर एक व्यक्ति मृत मिला है। उसके पास से जो आधारकार्ड मिला है उस पर सूरज मदान पुत्र चरणजीत सिंह मदान निवासी चंडीगढ़ दर्ज है।

## सेंट जोसेफ एकेडमी से भूमि वापस नहीं लेगी सरकार



**देहरादून, एजेंसी।** सेंट जोसेफ एकेडमी देहरादून की भूमि सरकार वापस नहीं लेगी। आवास विभाग को सेंट जोसेफ एकेडमी के लीज नवीनीकरण पर नियमानुसार कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए हैं 7

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सेंट जोसेफ एकेडमी मामले में बैठक की। देहरादून के भूमि एवं पार्किंग प्रकरण पर सचिव आवास, जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून तथा एमडीडीए के साथ सचिवालय में बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया है कि सेंट जोसेफ एकेडमी से भूमि वापस नहीं ली जाएगी 7 इसके साथ ही मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने निर्देश दिए हैं कि सेंट जोसेफ अकादमी द्वारा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था विद्यालय परिसर के भीतर ही की जाएगी, ताकि मुख्य सड़क पर आमजन को ट्रैफिक की समस्या का सामना ना करना पड़े।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आवास विभाग को सेंट जोसेफ एकेडमी के लीज नवीनीकरण पर नियमानुसार कार्रवाई के भी निर्देश दिए हैं।

### उत्तराखंड में बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत, धामी सरकार की घोषणा से 11 लाख लोगों को मिलेगा फायदा

**देहरादून, एजेंसी।** प्रदेश के घरेलू श्रेणी के लगभग 11.50 लाख विद्युत उपभोक्ताओं को सरकार ने बड़ी राहत दी है। हिमाच्छादित क्षेत्रों में 200 यूनिट मासिक उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं को विद्युत दरों में 50 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों के एक किलोवाट विद्युत भार वाले ऐसे उपभोक्ता, जो 100 यूनिट तक विद्युत का मासिक उपभोग करते हैं, उन्हें भी 50 प्रतिशत सब्सिडी देय होगी। ऊर्जा सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम ने मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी किया।

मुख्यमंत्री धामी ने गत 16 सितंबर को अपने जन्मदिन के अवसर पर राज्य के घरेलू उपभोक्ताओं को यह राहत देने की घोषणा की थी। शासनादेश के अनुसार हिमाच्छादित क्षेत्रों में घरेलू श्रेणी के 200 यूनिट तक विद्युत का उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी विद्युत कर सहित मिलेगी। ऐसे क्षेत्रों का निर्धारण प्रचलित नियमों के अनुसार समुद्र तल से ऊंचाई के आधार पर किया जाएगा। इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों के घरेलू श्रेणी के ऐसे उपभोक्ता जिनका विद्युत भार एक किलोवाट तक और मासिक विद्युत उपभोग 100 यूनिट तक है, को विद्युत दरों (विद्युत कर सहित) में 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। यह सब्सिडी एक सितंबर, 2024 से की गई विद्युत खपत के लिए अनुमन्य होगी।

## सात प्राथमिक विद्यालयों में नहीं है फर्नीचर, छात्र जमीन पर बैठकर करते हैं पढ़ाई

**देहरादून, एजेंसी।** ब्लॉक क्षेत्र के सात प्राथमिक विद्यालयों में फर्नीचर नहीं है। छात्र जमीन कर बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। वहीं, क्षेत्र के अन्य 32 प्राथमिक विद्यालयों में भी फर्नीचर की कमी चल रही है। छात्र आपस में मेज-कुर्सी सटाकर बैठ रहे हैं। इससे पढ़ाई करने में परेशानी झेलनी पड़ रही है।

शिक्षा विभाग सरकारी विद्यालयों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का दम भरता है, लेकिन ब्लॉक क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय निथला, अमराहा, बोसान, राणीगांव, सकनी, मंगरोली और सिसोई खेड़ा में छात्रों के बैठने के लिए फर्नीचर नहीं है। इन विद्यालयों में छात्र टाट पट्टी पर बैठकर पढ़ाई करते हैं। जबकि, ब्लॉक के अन्य 32 प्राथमिक विद्यालयों में लंबे समय से फर्नीचर की कमी चल रही है। प्राध्यापक और ब्लॉक की ओर से कई बार फर्नीचार की कमी हवाला देकर पत्राचार किया गया। लेकिन, अब तक फर्नीचर उपलब्ध नहीं हो पाया है। भीषण गर्मी के बीच भी छात्र मेज और कुर्सी सटाकर पढ़ाई करते हैं। एक दूसरे से सटकर बैठने से छात्रों को पढ़ाई करते समय दिक्कत होती है।

बीईओ कालसी भुवनेश्वर प्रसाद जदली ने बताया कि फर्नीचर की डिमांड विभागीय उच्चाधिकारियों को भेजी गई है। फर्नीचर उपलब्ध होते ही संबंधित विद्यालयों को प्राथमिकता के आधार पर आवंटित कर दिया जाएगा।

चकराता ब्लॉक में 183 राजकीय प्राथमिक विद्यालय, 18 उच्च प्राथमिक विद्यालय, 18 हाईस्कूल और 16 राजकीय इंटर कॉलेज संचालित किए जा रहे हैं। इसमें पर्याप्त संख्या में फर्नीचर उपलब्ध है। खंड शिक्षा अधिकारी बुशरा ने बताया कि सभी विद्यालयों में छात्रों को बैठने के लिए फर्नीचर उपलब्ध है। जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में सभी प्रधानाचार्य और प्रध्यापकों को छात्रों की संख्या बढ़ जाने पर फर्नीचर की कमी के विषय से अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## नशे से घर परिवार हो रहे चौपट : नंदिता काला

**ऋषिकेश, एजेंसी।** श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के पं. ललित मोहन शर्मा परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून के निर्देश पर तहसील विधिक सेवा समिति ऋषिकेश की ओर से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

तहसील विधिक सेवा समिति की सचिव नंदिता काला ने कहा कि कैसे एक व्यक्ति के नशा करने से उसका पूरा परिवार ही नहीं समाज भी चपेट में आ जाता है। इसका समाधान कानून बनाकर नहीं किया जा सकता है। किसी भी समस्या का समाधान जन भागीदारी के बिना असंभव है। नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति परिवार के साथ समाज में भी मानसिक समस्या उत्पन्न कर देता है।

युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा नशे की लत से पीड़ित है। नशा से इंसान का जीवन समय से पहले ही काल के गाल में समा जाता है।

## बोरा से करीबी और रिश्तेदारी : दो नेताओं के राजनीतिक कॅरिअर पर पड़ी भारी

**नैनीताल, एजेंसी।** मुकेश बोरा से करीबी और रिश्तेदारी जिले के दो नेताओं के राजनीतिक कॅरिअर पर भारी पड़ गई। मुकेश बोरा से करीबी और रिश्तेदारी जिले के दो नेताओं के राजनीतिक कॅरिअर पर भारी पड़ गई। दुष्कर्म के आरोपी का भागने में साथ देना, दोनों की राजनीतिक छवि को कितना नुकसान पहुंचाएगा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा, लेकिन भाजपा की ब्लॉक प्रमुख और कांग्रेस से निवर्तमान चेयरमैन के खिलाफ विपक्षियों को बैठे बिठाए चुनावी मुद्दा जरूर मिल गया है।

धारी ब्लॉक प्रमुख आशा रानी, परिवहन कर अधिकारी नंदन आर्या, प्रॉपर्टी डीलर सुरेंद्र परिहार, भीमताल के निवर्तमान चेयरमैन देवेंद्र चनौतिया पर मुकेश बोरा के भागने में सहयोग करने पर धारा 212 आईपीसी (249 बीएनएस) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। दुष्कर्म के आरोपी का साथ देने के मामले में आरोप लगने के बाद कांग्रेस से जुड़े देवेंद्र चनौतिया और भाजपा से जुड़ीं आशा रानी की मुश्किलें बढ़ना तय हैं, क्योंकि दिसंबर में पंचायत चुनाव प्रस्तावित है। वर्तमान परिस्थितियों के बाद बड़ा सवाल है कि भाजपा-कांग्रेस इनके साथ खड़ीं रहेंगी या पल्ला झाड़ लेंगी। जनता भी अपने नेताओं के साथ पुराने विश्वास के साथ खड़ी रहेगी या दोनों को नई जमीन तलाशने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा, इसका जवाब भी समय के गर्भ में छिपा हुआ है। बताया जा रहा कि दोनों दोबारा अपने-अपने क्षेत्रों से दावेदारी पेश कर रहे थे, अब केस दर्ज होने के बाद राजनीतिक समीकरण बदलने की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

### किडनी कांड का मुख्य आरोपी अमित गिरफ्तार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** पैरोल जंप कर फरार चल रहे चर्चित किडनी कांड के मुख्य आरोपी अमित राउत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी स्वास्थ्य संबंधी कारणों के चलते न्यायालय से पैरोल प्राप्त कर बाहर आया था।

प्रभारी निरीक्षक विनोद गुसांई ने बताया कि निर्धारित समयावधि में जिला कारागार में आत्मसमर्पण न कर आरोपी फरार हो गया था। चर्चित किडनी कांड के मुख्य आरोपी अमित राउत निवासी डीएलएफ गुरुग्राम हरियाणा को स्वास्थ्य कारणों से बीते 6 जून को चार सप्ताह के लिए पैरोल पर छोड़ा गया था। लेकिन आरोपी पैरोल जंप कर न्यायालय के निर्देशों की अवहेलना कर निर्धारित समयावधि के बाद जिला कारागार देहरादून में आत्मसमर्पण नहीं किया। जिस पर न्यायालय द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा था। आरोपी द्वारा न्यायालय में जो पता दिया गया था वह गलत निकला। जानकारी लेने पर पता चला कि इस पते पर आरोपी दो साल से नहीं रह रहा था। पुलिस ने टीम गठित कर आरोपी को पकड़ने के लिए प्रयास शुरू कर दिए।

## उन्होंने मुझे जेल भेजकर दिल्ली के काम रोक दिए थे, अब मैं वापस आ गया हूं, दिल्ली के लोग चिंता ना करें, सभी रूके हुए काम कराएंगेः केजरीवाल

### मुझे गिरफ्तार करने के पीछे उनका मकसद दिल्लीवालों को तकलीफ पहुंचाना और आप सरकार को बदनाम करना था- केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली में अरविंद केजरीवाल पूरी तरीके से एक्शन मोड में आ गए हैं। गुरुवार को उन्होंने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, मुख्यमंत्री आतिशी और विधायक दिलीप पांडे के साथ तिमारपुर विधानसभा स्थित दिल्ली विश्वविद्यालय सड़क का दौरा कर जायजा लिया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इन लोगों ने साजिश के तहत मुझे जेल भेजकर दिल्ली के काम रोक दिए थे। लेकिन अब मैं जेल से बाहर आ गया हूं। दिल्ली की जनता चिंता ना करे। अब मैं दिल्ली का कोई भी काम रूकने नहीं दूंगा और रूके हुए सभी काम जल्द पूरे कराए जाएंगे। इसी के मद्देनजर आज मैंने मुख्यमंत्री आतिशी के साथ दिल्ली यूनिवर्सिटी में एक सड़क का निरीक्षण किया। इस सड़क को जल्दी ठीक किया जाएगा। इसके अलावा, दिल्ली की बाकी सड़कों को भी जल्द ठीक कराया जाएगा।

विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस के सामने से गुजर रही सड़क पर खासकर पीक ऑवर्स के दौरान ट्रैफिक का भारी दबाव रहता है। यह सड़क जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गई है। निरीक्षण के दौरान आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने स्थानीय विधायक दिलीप पांडे से उनके विधानसभा क्षेत्र की अन्य टूटी सड़कों के बारे में भी जानकारी ली। विधायक ने बताया कि एक और सड़क है, जिसकी मरम्मत जरूरी है। इसके अलावा, एमसीडी के अधिकार क्षेत्र में कुछ सड़कें हैं, जिनकी मरम्मत के लिए कार्य आवंटन की प्रकिया चल रही है। करीब 36 प्रोजेक्ट हैं, जिसमें 30 की स्वीकृति हो चुकी है।

इस दौरान मीडिया से बात करते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दो-चार दिन पहले मैं इनके एक बड़े नेता से मिला था। उनसे मैंने पूछा कि मुझे गिरफ्तार करके उनको क्या फायदा मिला? उस नेता का जवाब सुनकर मैं बहुत भौचक्का रह गया। उस नेता ने मुझे बताया कि आपको गिरफ्तार करने से दिल्ली सरकार तो पटरी से उतर ही गई, दिल्ली तो ठप हो ही गई। मुझे उनका जवाब सुनकर बहुत दुख हुआ और बहुत तगड़ा शॉक लगा कि क्या मुझे गिरफ्तार करने का उनका मकसद केवल दिल्ली को ठप करना था। क्या मुझे गिरफ्तार करने का उनका



मकसद दिल्ली सरकार को पटरी से उतारना था। क्या मुझे गिरफ्तार करने का मकसद दिल्लीवालों को तकलीफ पहुंचाना और दिल्ली के लोगों के लिए मुश्किलें पैदा करना था।

अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से कहा कि अब मैं आ गया हूं, आप चिंता न करें। आपके जितने भी रूके हुए काम थे, वो दोबारा शुरू होंगे। जितनी समस्याए हैं, उन समस्याओं को ठीक किया जाएगा। अभी हम लोग डीयू के नार्थ कैंपस के सामने से गुजर रही सड़क का जायजा लेने के लिए आया थे। इस सड़क के नीचे पानी की पाइप लाइन पड़ी है। इस पाइप लाइन की वजह से सड़क टूट गई है। लोगों द्वारा इस सड़क को काफी इस्तेमाल किया जाता है। मैंने मुख्यमंत्री आतिशी से इस सड़क की मरम्मत को लेकर बात की है। अब इस सड़क को जल्द ही ठीक कराया जाएगा। इसके अलावा, दिल्ली के अंदर जो भी सड़कें टूटी हैं, उनका हम लोग मुआयना करेंगे और उनकी मरम्मत कराएंगे।

मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इन लोगों का मकसद ही था कि दिल्ली का काम ठप करके आम आदमी पार्टी की सरकार को बदनाम करना था। लेकिन हम दिल्ली के लोगों का काम रूकने नहीं देंगे। अब मैं जेल से बाहर आ गया हूं। अब सभी रूके हुए काम दोबारा चालू होंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार हमेशा एक्शन मोड में थी, मैं जेल में भी एक्शन मोड में था।

अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि उन्होंने मुझे जेल भेजकर दिल्ली के काम रोक दिए थे। सड़कें भी खराब हो गईं। उनका यही मकसद था। आज मैंने मुख्यमंत्री आतिशी जी के साथ दिल्ली यूनिवर्सिटी में एक सड़क का निरीक्षण किया। इस सड़क को भी जल्दी ठीक किया जाएगा। दिल्ली की बाकी सड़कों को भी जल्द ठीक कराया जाएगा। अब मैं वापस आ गया हूं, दिल्ली के लोग चिंता न करें। दिल्ली के सभी रूके हुए काम कराएंगे।

उधर, दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने ट्वीट कर कहा कि आज अरविंद केजरीवाल जी और मनीष सिसोदिया जी के साथ विश्वविद्यालय मार्ग की सड़क का निरीक्षण किया। सड़क बहुत जर्जर हाल में है। इसको जल्द बनाया जाएगा। भाजपा ने अरविंद केजरीवाल जी को गिरफ्तार कर दिल्ली को ठप करने की साजिश रची थी। लेकिन दिल्लीवालों के बेटे अरविंद केजरीवाल जी अब फिर जनता के बीच में हैं, उनके मार्गदर्शन में दिल्ली के रुके काम दोगुनी गति से पूरे होंगे।

## क्या मुझे गिरफ़्तार करने का उनका मकसद दिल्ली को डीरेल करना था : केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को अपनी गिरफ्तारी को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता से मुलाकात हुई थी और मैंने उनसे अपनी गिरफ्तारी को लेकर बात की। केजरीवाल ने बताया कि भाजपा का बयान सुनकर मैं हक्का-बक्का रह गया। पूर्व सीएम ने आरोप लगाया कि दिल्ली में काम रोकने के लिए मेरी गिरफ्तारी हुई।

दरअसल दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने दिल्ली विश्वविद्यालय की सड़क की स्थिति का निरीक्षण करने पहुंचे। इसी दौरान अरविंद केजरीवाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा, हृदो चार दिन पहले मैं इनके (भाजपा) एक बड़े नेता से मिला था, उनसे नेता से मैंने पूछा कि मुझे गिरफ़्तार करके उनको क्या फायदा हुआ। उन्होंने जो जवाब दिया वो सुनकर मैं भौंचक्का रह गया। मैंने उनसे पूछा मेरी गिरफ्तारी से आपको क्या फायदा हुआ। वो कहते हैं कि दिल्ली सरकार डीरेल हो गई, दिल्ली का काम ठप्प हो गया। उन्होंने आगे कहा कि मुझे उनका जवाब सुनकर बहुत दुख हुआ और मैं हैरान रह गया। क्या मुझे गिरफ्तार करने का मकसद दिल्ली को ठप्प करना था? क्या मुझे गिरफ्तार करने का उनका मकसद दिल्ली को डीरेल करना था? क्या मुझे गिरफ्तार करके दिल्लीवालों को तकलीफ पहुंचाना था? मैं दिल्ली के लोगों से कहना चाहता हूं कि चिंता न करें, मैं अब आ गया हूं और हम सभी लंबित काम शुरू करेंगे। अभी हम दिल्ली विश्वविद्यालय में खड़े हैं, यहां की सड़क टूटी हुई है, मैंने मुख्यमंत्री आतिशी से बात की है, इसे तुरंत ठीक किया जाएगा। दिल्ली की अन्य सड़कों की भी मरम्मत की जाएगी।

अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भाजपा को निशाना साधते हुए लिखा, हृउन्होंने मुझे जेल भेजकर दिल्ली के काम रोक दिए थे। सड़कें भी खराब हो गईं। उनका यही मकसद था। आज मैंने मुख्यमंत्री आतिशी के साथ दिल्ली यूनिवर्सिटी में एक सड़क का निरीक्षण किया। इस सड़क को भी जल्दी ठीक किया जाएगा, दिल्ली की बाकी सड़कों को भी जल्द ठीक कराया जाएगा। अब मैं वापस आ गया हूं, दिल्ली के लोग चिंता ना करें। दिल्ली के सभी रुके हुए काम कराएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज, हल्की बारिश की संभावना

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बृहस्पतिवार को हल्की बारिश होने और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से दो डिग्री सेल्सियस अधिक है।

मौसम विभाग ने राजधानी में दिन में बादल छाए रहने, बहुत हल्की बारिश होने, गरज के साथ छींटे पड़ने तथा तेज हवाओं के साथ आंधी आने की संभावना जताई है। उसने बताया कि दिल्ली में बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।

मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में सुबह 8.30 बजे आर्द्रता का स्तर 85 प्रतिशत दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 121 दर्ज किया गया जो मध्यम श्रेणी में आता है। एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब तथा 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

### सड़कों के लंबित कामों को जल्द पूरा किया जायेगा : केजरीवाल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनके जेल जाने के बाद सड़कों के काम लंबित पड़े हैं उन्हें जल्द पूरा किया जायेगा। श्री केजरीवाल में मुख्यमंत्री आतिशी के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय की सड़क की स्थिति का निरीक्षण करने के बाद आज पत्रकारों से कहा, मैं दिल्ली के लोगों से कहना चाहता हूं कि चिंता न करें। मैं आ गया हूं और हम सभी लंबित काम शुरू करेंगे। अभी हम दिल्ली विश्वविद्यालय में खड़े हैं। यहां की सड़क टूटी हुई है। मैंने मुख्यमंत्री आतिशी से बात की है, इसे जल्द ठीक किया जाएगा। दिल्ली की अन्य सड़कों की भी मरम्मत की जाएगी। उन्होंने कहा, कुछ दिनों पहले भाजपा के एक नेता से मिला। मैंने उनसे पूछा कि मुझे गिरफ्तार कर आप लोगों को क्या फायदा हुआ? उनके जवाब सुनकर भौचक्का रह गया।

### नव-प्रवेशित छात्रों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित हुआ

नोएडा । राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पुस्तकालय विभाग में बीए, बीकॉम और बीएससी में नव-प्रवेशित छात्र-छात्राओं का ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉक्टर मंजू जैन ने छात्र-छात्राओं को पुस्तक जारी करने के विषय में अवगत कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ आरके गुप्ता ने कहा कि पुस्तकालय में पुस्तकों के साथ अपने बहुमूल्य समय को व्यतीत कर छात्र-छात्राएं उन्नति के पथ पर आगे अग्रसर हो सकते हैं। रोजगार के क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

## हेरोइन तस्करी में शामिल दो महिला गिरफ्तार

संवादाता

वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड की पुलिस टीम ने हेरोइन तस्करी के मामले में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 107 ग्राम फाइन क्वालिटी की हेरोइन भी बरामद किया गया है। डीसीपी वेस्ट विचित्र के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संजू और रजनी के रूप में हुई है। संजू पहले से 13 वारदात में शामिल रही है।

इनके बारे में हेड कांस्टेबल विजय को एक इनफार्मेशन मिली थी। जिसके आधार पर पुलिस टीम ने छानबीन शुरू की पूरी जानकारी इकट्ठा करने के बाद एसीपी अरविंद कुमार की देखरेख में सब इंस्पेक्टर संदीप दलाल, चंद्रशेखर की टीम ने जेजे कॉलोनी इंद्रपुरी से रजनी उर्फ रज्जो




को पकड़ा। उसके पास से 10 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। उसके खिलाफ इंद्रपुरी थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने जब उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि वह संजू के साथ मिलकर हेरोइन तस्करी के मामले में शामिल है। पुलिस टीम ने फिर उसके ठिकाने पर भी छाप मारा और उसे भी गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 97 ग्राम हेरोइन बरामद की गई, उसके खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया।

## चेज करके पुलिस कर्मियों ने पकड़ा स्कूटी मोबाइल चोर

संवादाता

बाहरी जिला के सुल्तानपुरी थाना की पुलिस टीम ने एक एक्टिव ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से चोरी के दो मोबाइल और स्कूटी बरामद की गई है। फिलहाल इसकी गिरफ्तारी से दो मामलों का खुलासा करने का दावा पुलिस ने किया है।

डीसीपी आउटर जिमी चिराम ने बताया कि हेड कांस्टेबल अमित और कांस्टेबल पवन इलाके में पेट्रोलिंग कर रहे थे। इस दौरान उनकी नजर कृष्ण विहार इलाके में पड़ी, देखा कि एक स्कूटी सवार पुलिस को देखकर स्पीड से भाग रहा है। दोनों पुलिसकर्मियों ने मोटरसाइकिल से उनका पीछा किया और कुछ दूरी पर जाकर उसे रोका।

भागने का कारण पूछा तो कोई जवाब नहीं दे पाया। इस पर पुलिस ने स्कूटी के कागजात की जब जीप नेट के जरिए जांच की तो वह चोरी की निकली। उसकी जब तलाशी ली गई तो उसके पास से दो मोबाइल बरामद किए गए, जो एक घर से उसने चुराए थे। गिरफ्तार आरोपी कृष्ण विहार इलाके का रहने वाला है, आगे की कार्रवाई पुलिस टीम कर रही है।

## नारेबाजी के बीच दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही कुछ समय के लिए स्थगित

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली विधानसभा का दो दिवसीय सत्र बृहस्पतिवार को हंगामे के साथ शुरू हुआ जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की जिसके कारण विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही कुछ समय के लिए स्थगित कर दी। जैसे ही विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने सदन में मुद्दे उठाने वाले नेताओं के नाम सूचीबद्ध किए, भाजपा नेताओं ने इस पर आपत्ति जताई और मांग की कि उनके मुद्दे भी उठाए जाएं।

इसके बाद आप और भाजपा के नेताओं ने एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी, जिसके बाद गोयल ने कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी। भाजपा विधायकों ने मांग की कि लंबित सीएजी रिपोर्ट सदन में पेश की जाएं। उपराज्यपाल सचिवालय ने मुख्य सचिव धर्मेंद्र और वित्त सचिव आशीष चंद्र वर्मा को पत्र लिखा, जिसमें उनसे अनुरोध किया गया कि इस मामले को मुख्यमंत्री के ध्यान में लाने के बाद वे सत्र के दौरान विधानसभा में शीर्ष लेखा परीक्षक सीएजी की लंबित रिपोर्टें पेश करें। समझा जाता है कि मुख्यमंत्री आतिशी के नेतृत्व में नई सरकार शुक्रवार को सदन में विश्वास मत हासिल करेगी।

## ट्रेड शो में दिख रही यूपी पुलिस की धमक

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट सेंटर में चल रहे यूपी ट्रेड शो में उत्तर प्रदेश पुलिस की धमक देखने को मिल रही है। यूपी पुलिस ने भी यहां अपना एक स्टॉल लगाया है। आधुनिक उपकरणों से लैस अपने वाहन और हथियार पेश किए हैं। इसके साथ ही यहां विशेषज्ञ पुलिसकर्मियों द्वारा स्मार्ट पुलिसिंग को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपने स्टॉल पर एसटीएफ और एटीएस कमांडो द्वारा प्रयोग किए जाने वाले आधुनिक उपकरणों से लैस हथियार पेश किए हैं। इन आधुनिक हथियारों के बारे में लोगों को जानकारी भी दी जा रही है। इसके अलावा पुलिस और एटीएस टीम द्वारा प्रयोग किए जाने वाले आधुनिक उपकरणों से लैस वाहन भी यहां पेश किए गए हैं। इनमें डायल 112 की पीटीजेड कैमरा लगी पीआरवी जो कैमरे की मदद से दंगाइयों पर नजर रख सकती है। इसके अलावा एटीएस ने अपना बुलेट प्रूफ वाहन पेश किया है।

## स्कूटी चुराने वाला आरोपी मोती नगर में गिरफ्तार




संवादाता

मोती नगर पुलिस ने स्कूटी चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की दो स्कूटी बरामद की गई है और इसकी गिरफ्तारी से तीन मामलों का खुलासा करने का दावा पुलिस ने किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राघव राय के रूप में हुई है, यह बसई दारापुर का रहने वाला है। स्कूटी के साथ-साथ एक मोबाइल भी बरामद किया गया है।

डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि बरामद स्कूटी और मोबाइल मोती नगर और रानीबाग थाना इलाके से चुराई गई थी। एसीपी विजय सिंह की देखरेख में एसएचओ वरुण दलाल की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से इस स्कूटी चोर के बारे में पता लगाया था। पता चला कि यह एक मकान का रिपेयर हो रहा है, वहां काम भी कर रहा है। पुलिस टीम उस जगह पहुंची और मजदूरों से पूछताछ की, पता चला कि राघव बसई दारापुर में किराए के मकान में रहता है। पुलिस ने पकड़ा तो उसने स्कूटी चोरी की बात कबूली। उसके बाद उसकी निशानदेही पर दो स्कूटी और एक मोबाइल बरामद किया गया।

## गांधी जयंती पर स्वछता दिवस मनाकर दी जाएगी सच्ची श्रद्धांजलिःनाहिद परवीन

सहसपुर। आगामी 2 अक्टूबर गांधी जयंती के शुभ अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि दी जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत सहसपुर की चेयरपर्सन श्रीमती नाहिद परवीन ने कहा कि गांधी जयंती को स्वछता दिवस के रूप में मनाना हमारे देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सच्ची श्रधांजलि होगी। नगर पंचायत की ओर से भी 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर रास्ट्रपिता महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिये स्वच्छ भारत दिवस मनाया जा रहा है इस कार्यक्रम के दृष्टिगत स्वभाव स्वच्छता एवं संस्कार स्वच्छताह्व की थींम पर दिनांक 2 अक्टूबर 2024 को स्वच्छ भारत दिवस समारोहह्व को पूरी तन्मयता से मनाये जाने के लिये दिनांक 17 सितंबर 2024 से दिनांक 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा के अनेक कार्यक्रम के आयोजन किये जा रहे हैं। 2 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत सहसपुर द्वारा 25 सितम्बर को स्वच्छ भारत मिशन स्पोर्ट्स लीग के बैनर तले निकाय कार्यालय परिसर में बैडमिंटन टूनार्मेंट का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन श्रीमती नाहिद परवीन चेयरपर्सन नगर पंचायत सहसपुर के द्वारा फीता काटकर किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पाने वाले अब्दुल रहीम, द्वितीय पर रहे मौ.अयान तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अरुमुगन को विजेंद्र सिंह पाल अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सहसपुर व श्रीमती नाहिद परवीन अध्यक्ष नगर पंचायत सहसपुर के द्वारा पुरस्कारों का वितरण कर बच्चों का मनोबल बढ़ाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं चेयरपर्सन पति हाजी अमजद अली अंसारी , वरिष्ट लिपिक सलमान अली , लिपि मौहम्मद रिजवान, लिपिक मौहम्मद शाहबाज एवं नगर पंचायत के अन्य कर्मचारी गण भी उपस्थित रहे।

## युवाओं में बढ़ रहे हैं हृदय रोग, महिलाएं और पुरुष दोनों को है बराबर का खतरा

(जीतेन्द्र शर्मा)




नोएडा, कुछ समय पहले तक ऐसा माना जाता था कि हार्ट अटैक का खतरा केवल बुजुर्गों को रहता है, लेकिन इधर देखने में आ रहा है कि युवाओं में भी, खासतौर से 30 से 40 साल की उम्र के लोगों को भी हृदय रोग प्रभावित कर रहे हैं। बेशक, दुनियाभर में हृदय रोगों का खतरा बढ़ा है लेकिन भारत में पिछले पांच वर्षों के दौरान ये काफी बढ़े हैं। अचानक हार्ट अटैक और अन्य हृदय रोगों के बढ़ने का कारण हमारा तेज रफ्तार जीवन और खराब लाइफस्टाइल है। फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा के डॉक्टरों ने आज अस्पताल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इस चिंताजनक रुझान की ओर लोगों का ध्यान खींचा है और ऐसे युवा हृदय रोगियों के उदाहरण भी दिए जो अचानक हार्ट अटैक के शिकार बन चुके हैं। डॉ अजय कौल, चेयरमैन, कार्डियाक साइंसेज, फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा ने कहा , हृहाल के वर्षों में, भारत में युवा आबादी के बीच हृदय रोगों के मामले बढ़ रहे हैं, और खासतौर से 30 से 40 साल की आयुवर्ग के लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। आमतौर पर, हृदय रोगों के बारे में यह धारणा थी कि ये रोग केवल अधिक उम्र के वयस्कों को ही प्रभावित करते हैं। लेकिन हाल के अध्ययनों से यह चिंताजनक तस्वीर उभरी है कि अब अधिक युवा भारतीय हार्ट अटैक तथा अन्य कार्डियोवास्क्युलर रोगों के शिकार बन रहे हैं। इसका कारण काफी हद तक लाइफस्टाइल में बदलाव होना है जो खानपान की खराब आदतों, व्यायाम रहित जीवनशैली, और बढ़ते तनाव का परिणाम है। युवा वयस्कों में बढ़ रहे हृदय रोगों के मद्देनजर, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और डिस्लिपीडेमिया (खून में लिपिड की मात्रा असामान्य होना) की जांच करवाना महत्वपूर्ण है। रूटीन हेल्थ चेकअप के दौरान समय पर रोगों के पकड़ में आने की संभावना बढ़ जाती है और रोगों का बेहतर तरीके से उपचार हो पाता है, जिससे हृदय रोगों का खतरा कम होता है। डॉ संजीव गेरा, डायरेक्टर एंड एचओडी, कार्डियोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा ने कहा , हृहम हर साल करीब 70 से 80 हृदय संबंधी रोगों के मामले देख रहे हैं। हाल में हमने 30 से 40 साल की उम्र के कुछ युवा मरीजों का उपचार किया, इन सभी को सीने में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया था। अस्पताल में भर्ती होने के तुरंत बाद ही, उनकी पूरी जांच की गई और तत्काल उपचार किया गया। इन मरीजों को उपचार से फायदा पहुंचा और अब वे सामान्य जीवन बिता रहे हैं। देखा गया है कि युवाओं में बढ़ते हृदय रोगों के पीछे बढ़ता तनाव और व्यायामरहित जीवनशैली मुख्य रूप से जिम्मेदार है। संवाददाता सम्मेलन के दौरान वे मरीज भी मौजूद थे जिन्हें अचानक दिल का दौरा पड़ा था और उनका फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा में इलाज किया गया। पहला मामला 37 साल की एक महिल का था जो करीब एक सप्ताह तक छाती में बेचैनी की शिकायत के बाद फोर्टिस नोएडा के आपातकालीन विभाग में भर्ती हुई थीं। मेडिकल जांच से पता चला कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा था और कोरोनरी एंजियोग्राफी में उनकी रक्तवाहिकाओं के ब्लॉक होने का पता चला। अस्पताल में उनका इलाज एक नई टेक्नोलॉजी ड्ढ डीसीबी (ड्रग कोटेल बैलून) से किया गया ताकि उनके शरीर में स्टेंट या किसी प्रकार की धातु न डालनी पड़ी।

## उच्च न्यायालय ने पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से मिली अंतरिम राहत चार अक्टूबर तक बढ़ाई

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली उच्च न्यायालय ने धोखाधड़ी और गलत तरीके से सिविल सेवा में ओबीसी एवं दिव्यांगता कोटा का लाभ लेने के आरोप में दर्ज आपराधिक मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की पूर्व परिवीक्षा अधिकारी पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से दी गई अंतरिम राहत बृहस्पतिवार को चार अक्टूबर तक बढ़ा दी।

न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने उनके वकील के अनुरोध के बाद अग्रिम जमानत के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी।

दिल्ली पुलिस के वकील ने अदालत से एक संक्षिप्त स्थगन की अनुमति का आग्रह करते हुए कहा, एक बड़ी साजिश सामने आई है, जिसमें जालसाजी और दस्तावेज तैयार करना शामिल है। न्यायमूर्ति सिंह ने कहा, हृहृयाचिकाकर्ता के वकील के अनुरोध पर, मामले को 4 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध किया जाए। अंतरिम आदेश जारी रहेगा। खेडकर पर आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सेवा परीक्षा,





2022 के लिए अपने आवेदन में गलत तरीके से जानकारी प्रस्तुत करने का आरोप है। उन्होंने सभी आरोपों से इनकार किया है। खेडकर के वकील ने बृहस्पतिवार को यूपीएससी के इस आरोप पर जवाब दाखिल करने के लिए अदालत से और समय मांगा कि उनकी मुवक्किल ने अपनी अग्रिम जमानत याचिका के संबंध में गलत बयान देकर झूठी गवाही दी है। उन्होंने कहा कि उनका निष्कासन एक अधिकारी के खिलाफ उनके द्वारा की गई यौन उत्पीड़न की शिकायत का नतीजा है। खेडकर ने इस मामले पर मीडिया में आ रहीं खबरों पर भी आपत्ति जताई।

वकील ने आग्रह किया कि किसी भी पक्ष द्वारा कोई संवाददता सम्मेलन नहीं किया जाना चाहिए।

दिल्ली पुलिस के वकील ने कहा कि जांच एजेंसी हृहृकभी भी मीडिया के दबाव में नहीं रहींहृहृ। वहीं, यूपीएससी के वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि खेडकर अपने किए के कारण एक सेलिब्रिटी बन गई हैं।

यूपीएससी और दिल्ली पुलिस दोनों ने गिरफ्तारी पूर्व जमानत के लिए खेडकर की याचिका को खारिज करने का आग्रह किया है। उच्च न्यायालय ने 12 अगस्त को खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर नोटिस जारी करते हुए उन्हें गिरफ्तारी से अंतरिम राहत प्रदान की थी और इसे समय-समय पर बढ़ाया जाता रहा है।

दिल्ली पुलिस ने दावा किया है कि खेडकर को कोई भी राहत गहरी साजिश की जांच में बाधा उत्पन्न करेगी और इस मामले का जनता के विश्वास के साथ-साथ सिविल सेवा परीक्षा की शुचिता पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। यूपीएससी ने पूर्व में कहा था कि खेडकर ने आयोग और जनता से धोखाधड़ी की है तथा धोखाधड़ी के स्तर को उजागर करने के लिए उनसे हिरासत में पूछताछ आवश्यक है। इसने कहा था कि धोखाधड़ी अन्य व्यक्तियों की मदद के बिना नहीं की जा सकती। यूपीएससी ने जुलाई में खेडकर के खिलाफ कार्रवाई शुरू की थी। इसके तहत फर्जी पहचान के जरिए सिविल सेवा परीक्षा में बैठने के अतिरिक्त अवसर हासिल करने के आरोप में आपराधिक मामला भी दर्ज किया गया था। दिल्ली पुलिस ने भारतीय दंड संहिता, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

## तीन दिवसीय दिल्ली ज्वेलरी और जेम फेयर 2024, 29 सितंबर से प्रगति मैदान में शुरू होगा

### प्रगति मैदान में 29 सितंबर से लगेगा सोने-चांदी, हीरे और रत्नों का भव्य फेयर

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

प्रगति मैदान में 29 सितंबर से 1 अक्टूबर 2024 तक दिल्ली ज्वेलरी और जेम फेयर 2024 का 12वां संस्करण आयोजित होने जा रहा है। इस भव्य इवेंट में 650 से अधिक एक्जीबिटर्स और 700 से ज्यादा ब्रांड्स अपने बेहतरीन डिजाइन के साथ भाग लेंगे, जिनमें 1,50,000 से भी अधिक डिजाइन प्रदर्शित होंगे। इस साल की खासियत होगा दूसरा डीजेजीएफ सिल्वर शो, जो हॉल नंबर 2 में आयोजित किया जाएगा और जिसमें चांदी के अनूठे आभूषणों का प्रदर्शन होगा। 25,000 से अधिक विजिटर्स के आने की उम्मीद के साथ, यह फेयर ज्वेलरी इंडस्ट्री का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बनेगा।

फेयर के दौरान ज्ञानवर्धक सत्र और कार्यशालाओं का भी आयोजन किया जाएगा। प्रमुख ब्रांड्स जैसे श्री राम कृष्ण एक्सपोर्ट्स, हरे कृष्णा, शीतल और एसजेडब्ल्यू शिवम अपनी शानदार कलेक्शन पेश करेंगे, जो ज्वेलरी इंडस्ट्री के नवीनतम ट्रेंड्स और डिजाइन इनोवेशन को उजागर करेंगे।

इंफॉर्मा मार्केट्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर योगेश मुद्रास के अनुसार, भारत का ज्वेलरी उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। अप्रैल से जून 2024 के बीच ज्वेलरी निर्यात 6.87 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच चुका है। सोने के गहनों पर आयात शुल्क में कमी के कारण इस साल कारोबार में 22-25% की वृद्धि की उम्मीद है। डीजेजीएफ 2024 इस प्रगति को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। फेयर में रिटेल ज्वेलर्स गिल्ड अवाड्र्स और शक्ति जैसे विशेष कार्यक्रम भी होंगे, जिनमें ज्वेलरी इंडस्ट्री में उत्कृष्ट डिजाइन और महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। डीजेजीएफ 2024 भारत की ज्वेलरी इंडस्ट्री की चमक और विविधता को दर्शाते हुए इसे नई ऊँचाइयों पर ले जाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा।

# डिजिटल इंडिया पर भारी साइबर ठगी

भारत में अब डिजिटलाइजेशन के चलते फल-सब्जी, दूध-राशन इत्यादि खरीदने से लेकर ऑनलाइन शॉपिंग तक सब कुछ कैश पेमेंट के बिना आसानी से खरीदा-बेचा जा रहा है। डिजिटलाइजेशन ने जिंदगी को इतना आसान बना दिया है कि अब बैंक की लंबी लाइन में लगे बिना बिजली-पानी-बीमा का भुगतान घर बैठे हो रहा है और एक रुपए से लेकर लाखों तक का डिजिटल ट्रांजैक्शन महज एक क्लिक पर हो रहा है। लेकिन वहीं साइबर अपराधों में हो रही बढ़ोतरी ने लोगों के बैंक खातों में सेंध लगाना भी शुरू कर दी है। पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के पालमपुर की एक महिला से 20 लाख 38 हजार रुपए की ठगी का मामला साइबर थाना धर्मशाला में दर्ज हुआ है, जबकि हिमाचल में पिछले साढ़े सात महीनों में 44 करोड़ रुपए के फाइनांशियल फ्रॉड के मामले दर्ज हुए हैं। इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के अनुसार अप्रैल 2024 तक 740957 से ज्यादा साइबर फ्रॉड की शिकायतें पूरे भारतवर्ष में दर्ज की गई है, जबकि जनवरी से अप्रैल के बीच 1750 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की गई। पिछले आठ महीनों में हिमाचल के साइबर थानों में करीब 110 मामले दर्ज किए जा चुके हैं, जिसमें लोगों ने अपने आप रुपयों को दोगुना करने के चक्कर में या फिर अज्ञानतावश अपनी धनराशि गंवा दी है। साइबर सैल द्वारा पिछले साढ़े सात माह के मामलों की जांच में पाया गया कि इनमें सबसे अधिक 40 फीसदी मामले इन्वैस्टमैंट फ्रॉड के हैं, 30 फीसदी फ्रॉड स्टॉक मार्किट से जुड़े हुए थे, 15 से 20 फीसदी मामले ब्लॉक चेन के सामने आए हैं, जबकि 10 प्रतिशत मामले ठगी के होते हैं, जिसमें बच्चे को पकड़े सहित कई अन्य बातें कहकर पैसे ऐंठे जाते हैं। 5 फीसदी मामले रंगदारी के भी सामने आए हैं। हिमाचल प्रदेश के शास्त्री प्रदीप कुमार ने अपने फेसबुक अकॉउंट में सूचित किया है कि किसी ने उनके बैंक अकॉउंट से 14800 रुपए निकाल लिए हैं। फेसबुक अकाउंट के पर परिचितों से रुपए मांगने के मामले तो आम ही हो चुके हैं। साइबर ठगों द्वारा ठगी के यह मामले कोई नए नहीं हैं, बल्कि इस तरह के मामले पूरे भारत से आए दिन सामने आते रहते हैं। केंद्र सरकार ने साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए एक राष्ट्रीय रजिस्ट्री बनाने का फैसला किया है। साथ ही विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय के लिए सीएफएमसी बनाया गया है। इसी तरह से समन्वय प्लेटफार्म साइबर अपराध के आंकड़े संग्रहित करने, साइबर अपराध का मानचित्र बनाने, उनका विश्लेषण करने के साथ ही साइबर अपराध के विरुद्ध काम करने वाली एजेंसियों के लिए वन स्टाप पोर्टल के रूप में काम करेगा। साइबर धोखाधड़ी से निपटने के लिए साइबर कमांडो तैनात किए जाएंगे। विशेष रूप से प्रशिक्षित साइबर कमांडो साइबर धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कर सकेंगे। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने साइबर कमांडो के साथ-साथ साइबर फ्राड मिटिगेशन सेंटर (सीएफएमसी), साइबर क्राइम की जांच में जुटी एजेंसियों के लिए समन्वय प्लेटफार्म और संदिग्ध साइबर अपराधियों की राष्ट्रीय रजिस्ट्री बनाने की नई योजनाओं को लांच किया है। हिमाचल में यदि कोई व्यक्ति साइबर क्राइम का शिकार हो चुका है तो वह तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर क्राइम पुलिस थाना मंडी के लैंडलाइन नंबर 01905-226900 या संबंधित ईमेल पर संपर्क करें और अपनी शिकायत दर्ज करवाएं। भारतीय कानून के तहत, साइबर अपराधों से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम-2000 (आईटी अधिनियम) के तहत निपटा जाता है। आईटी अधिनियम के तहत साइबर अपराध करने के लिए दंड का भी प्रावधान है। जैसे हैकिंग के लिए आईटी अधिनियम की धारा 66 के तहत हैकिंग की सजा तीन साल तक की कैद या पांच लाख रुपए तक का जुर्माना या दोनों है। पहचान की चोरी आईटी अधिनियम की धारा 66 सी के तहत एक अपराध है। आईटी अधिनियम की धारा 67 के तहत अश्लील सामग्री का प्रकाशन या प्रसारण अपराध है। साइबर स्टाकिंग भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354-डी और आईटी अधिनियम की धारा 66-ई के तहत एक अपराध है। यद्यपि इंटरनेट के आगमन ने हमारे जीवन में नवीनतम सुविधाओं का संसार तो खोल दिया है, लेकिन ऑनलाइन धोखाधड़ी के द्वार भी खोल दिए हैं, जो आज की डिजिटल दुनिया में एक गंभीर चिंता का विषय है। ऑनलाइन धोखाधड़ी में आपराधिक गतिविधियों की एक श्रृंखला शामिल है जो वित्तीय लाभ के लिए व्यक्तियों या संगठनों का शोषण करती है। इन गतिविधियों में फिशिंग, पहचान की चोरी, क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी और ऑनलाइन घोटाले शामिल हैं। ऐसे मामलों पर लगाम लगाने के लिए केंद्र सरकार ने बीते दिनों नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल लॉन्च किया है। ठगी से बचने के लिए जरूरी है।

# देवपूजा की क्रिया बाएं से दाएं तथा वही क्रिया श्राद्ध में दाएं से बाएं क्यों करना चाहिए ?

श्रीमती प्राची जुवेकर




देवकर्म में सर्व विधियां देवता का आवाहन करने के लिए होती हैं, जबकि पितृकर्म में प्रत्येक विधि पितरों का आवाहन करने के लिए की जाती है । इस दृष्टि से दर्भ की सहायता से उस विशिष्ट वस्तु पर जल छिडककर वैसा संकल्प किया जाता है । उन विशिष्ट तत्त्वों की तरंगों की गति के लिए पूरक दिशा में कर्म करने से, उसकी फलप्राप्ति अधिक होती है । देवकर्म करते समय देवताओं का आवाहन करने पर, ब्रह्मांड में कार्यरत उन विशिष्ट देवताओं की तरंगों का देवयान मार्ग से पृथ्वीकक्षा में आगमन होता है । सात्त्विक चैतन्यमय तरंगों का भ्रमण सदा दक्षिणावर्त दिशा में, अर्थात सीधी दिशा में होने के कारण देवकर्म करते समय सदा जल की सहायता से सीधा मंडल बनाकर अथवा सीधी परिक्रमा कर उन विशिष्ट देवताओं की तरंगों का आवाहनात्मक स्वागत किया जाता है ।इसे ही ह्यप्रदक्षिण कर्मह्ल कहते हैं । इसके विपरीत पितृयान से पृथ्वी की कक्षा में आगमन करनेवाले पितर, वामवर्त दिशा में (घडी की सुइयों की विपरीत दिशा में) कार्यरत रज-तमात्मक तरंगों की सहायता से श्राद्धस्थल पर आगमन करते हैं ।इसलिए विशिष्ट पिंड पर अथवा पितरों से संबंधित सामग्री पर विपरीत दिशा में जल का मंडल बनाकर अथवा जल छिडक कर और संकल्प कर, विशिष्ट दिशा के लिए पूरक कर्म किया जाता है ।इसे ही ह्यअप्रदक्षिण कर्मह्ल कहते हैं ।श्राद्ध के समय ब्राह्मण देवस्थान के पूर्वाभिमुख एवं पितृस्थान के उत्तराभिमुख बैठने का अध्यात्मशास्त्रीय आधार क्या है ? श्राद्ध के समय ब्राह्मण देवस्थान के पूर्वाभिमुख बैठने से तथा पितृस्थान के उत्तराभिमुख बैठने से श्राद्ध की फलोत्पत्ति अधिक होती है ।ाानतरंगें, इच्छातरंगें एवं क्रियातरंगें ब्रह्मांड की तीन प्रमुख तरंगें हैं । ह्यपूर्व-पश्चिम दिशा में क्रियातरंगें घनीभूत होती हैं ।श्राद्ध के मंत्रोच्चारण से इन तरंगों को गति प्राप्त होती है ।इस दिशा की ओर मुख कर बैठनेवाले ब्राह्मणों द्वारा किया गया कर्म उस विशिष्ट दिशा की ओर आकर्षित देवताओं की सात्त्विक तरंगों के कारण शीघ्र ही संकल्प सिद्ध होने से फलोत्पत्ति भी अधिक होती है ।पृथ्वीकक्षा में पितरों के आगमन के लिए यमतरंगों का प्रवाह पोषक होता है ।अन्य दिशाओं की अपेक्षा उत्तर-दक्षिण दिशा में तिर्यक तरंगें, तथा यमतरंगों का संक्रमण अधिक होने के कारण पितृस्थान पर बैठे ब्राह्मणों को दिया गया दान अल्पावधि में पूर्णत्व प्राप्त करता है ।इसलिए देवस्थान के ब्राह्मण पूर्वाभिमुख एवं पितृस्थान के ब्राह्मण उत्तराभिमुख बैठते हैं ।इस प्रकार उस विशिष्ट दिशा में घनीभूत हुई तरंगों का उस विशिष्ट कर्म से अधिकाधिक फलप्राप्ति हेतु उपयोग किया जाता है ।श्राद्ध के लिए एक ही ब्राह्मण मिलने पर उसे पितृस्थान पर बिठाकर देवस्थान पर शालग्राम अथवा बालकृष्ण क्यों रखें ? मारक प्रकार की गोल तरंगें प्रक्षेपित करना शालग्राम की एवं क्रियादर्शक गोल तरंगें प्रक्षेपित करना बालकृष्ण मूर्ति की विशेषता है ।देवस्थानों में शालग्राम की स्थापना से, वहां किए जानेवाले श्राद्धादि कर्मों में अनिष्ट शक्तियां अत्यल्प बाधा डाल पाती हैं और बालकृष्णरूप की स्थापना से पितर तरंगों को आगे जाने में सहायता मिलती है ।

# विकसित भारत हेतु पर्यटन: हमारे प्रथम अतुल्य भारतीय का विजन

**ऐसे अधिक प्रभावकारी हस्तक्षेपों की शुरूआत के प्रयास किए जा रहे हैं जो विभिन्न गंतव्यों में पर्यटक अनुभव को पूरी तरह से बदल सकते हैं । साथ ही, निजी निवेश को सार्वजनिक निवेश का पूरक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि भारत में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास के लिए दोनों एक संयुक्त शक्ति के रूप में कार्य कर सकें । इन गंतव्यों में मंत्रालय की विभिन्न पहलों के माध्यम से, कौशल निर्माण और डिजिटलीकरण जैसे पर्यटन साधनों को बेहतर बनाने के लिए भी कार्रवाई की जा रही है ताकि पर्यटन के लाभ उस गंतव्य में ही स्थानीय समुदायों और व्यक्तियों को प्राप्त हो सकें ।**





**-श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत-**
**केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री**

एक दशक पहले तक भारतीय पर्यटन को पर्यटन क्षेत्र में अन्य देशों के समकक्ष या उनसे आगे स्थापित करने के लिए भी एक ब्रांड एम्बेसडर की जरूरत सामान्य बात थी । जिस तरह अन्य देश अपने देश के पर्यटन के प्रचार-प्रसार हेतु सुविख्यात फिल्मी सितारों और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को आकर्षित करने के लिए विज्ञापन राशि खर्च कर रहे थे ठीक उसी तरह यहाँ भी यह महसूस किया गया कि अतुल्य भारत को एक नया रूप दिए जाने की आवश्यकता है । पिछले एक दशक में और पिछले 100 दिनों से भारत के केन्द्रीय पर्यटन मंत्री के रूप में कार्य करते हुए मैंने सभी को यह कहते सुना है कि इस देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि हमारे बीच एक ऐसे नेता हैं जो न केवल हमारे प्रधानमंत्री हैं बल्कि वे अतुल्य भारत के सबसे बड़े वैश्विक ब्रांड एम्बेसडर और हिमायती हैं । अपनी हर भूमिका में, वे भारत की बेहतरी के लिए काम करते हैं । मैं यह देखकर अत्यंत विस्मित और प्रेरित होता हूँ कि माननीय प्रधानमंत्री सदैव पर्यटन को अत्यंत महत्व देते हैं । क प्रधानमंत्री के रूप में वे निरंतर हमें यह याद दिलाते हैं कि हमें देश में पर्यटन की समग्र प्रगति और विकास के लिए सरकार के प्रत्येक स्तर पर कार्य करना है । लगभग 1,50,000 किलोमीटर लम्बा सड़क नेटवर्क बनाए जाने, बेहतर हवाई कनेक्टिविटी के लिए 500 नए हवाई रुट और 150 हवाईअड्डे शुरू किए जाने, तेज गति वाली वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत और लगभग 100 पर्यटन परियोजनाओं को पूरा किए जाने के परिणामस्वरूप भारत में 250 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राएं (डीटीवी) दर्ज की गई जो वर्ष 2014 में भारत द्वारा दर्ज 128 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) का लगभग दोगुना है । इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं । उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देश भर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया । माननीय प्रधानमंत्री जी का यह विजन था कि भारत की जी-20 अध्यक्षता को माध्यम बनाकर इन 60 गंतव्यों की पर्यटन पेशकशों के साथ-साथ उनकी संस्कृति, क्विजीन तथा शिल्प की वैश्विक मंच पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए । पिछले वर्ष जी-20 के कारण पर्यटन में हुई वृद्धि के परिणामस्वरूप वर्ष 2023 में भारत के पर्यटन क्षेत्र में होटल के नए कमरे सबसे अधिक संख्या में बनाए गए । एक जन-नायक के रूप में उन्होंने विश्व की यात्रा पर निकलने से पहले अपने देश भारत को देखने-समझने के लिए राष्ट्र को ह्यदेखो अपना देशह्ल हेतु प्रेरित किया है ।स्वच्छता के महत्व की सीख देकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि उत्तरदायी पर्यटन हम सभी का सहज स्वभाव बन जाए ।हर अवसर पर वे वैश्विक प्रवासी भारतीयों को अतुल्य भारत का प्रतिनिधि बनने की उनकी भूमिका निरंतर याद दिलाते हैं कि वे अपने विदेशी मित्रों और परिचितों को इस बात की जानकारी दें कि भारत की यात्रा किस प्रकार उनके लिए अविस्मरणीय हो सकती है । सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेताओं में से एक के रूप में उनके द्वारा लक्षद्वीप, काजीरंगा, कन्याकुमारी, श्रीनगर और अन्य कई स्थलों की यात्रा करने मात्र से घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों में ऐसे गंतव्यों की यात्रा करने और भारत की कम लोकप्रिय पर्यटन पेशकशों का अनुभव करने की अभूतपूर्व रुचि देखी गई है । पर्यटन में माननीय प्रधानमंत्री की निजी रूचि और भागीदारी को और अधिक स्पष्ट करने के लिए मैं आप सबको यह बताना चाहूंगा कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के पर्यटन विभाग में मुझे अपनी सेवा प्रदान करने का अवसर देते समय कहा था कि वे मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप रहे हैं । तब से मेरा निरंतर यह प्रयास रहा है कि समावेशी सामाजिक-आर्थिक प्रगति और विकास के माध्यम के रूप में पर्यटन क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए हम भारत में इसके लिए एक व्यावसायिक योजना तैयार करें । अवसंरचना विकास में भारत द्वारा तेजी से की जा रही प्रगति का लाभ उठाते हुए नए पर्यटन गंतव्य विकसित करना इस व्यावसायिक योजना का सबसे महत्वपूर्ण घटक है । नए भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए और अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेते हुए पर्यटकों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इन नए गंतव्यों की परिकल्पना की गई है । वर्ष 1947 में हमारी स्वतंत्रता से लेकर वर्ष 2014 तक भारत में किसी पर्यटक गंतव्य को शुरूआत से समग्र और समावेशी तरीके से विकसित करने का एक भी उदाहरण देखने को नहीं मिलता है । वर्ष 2018 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विश्व को एकता नगर और स्टेच्यू ऑफ यूनिटी की भेंट देने के बाद से इसमें परिवर्तन आया है । माननीय प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किए गए । रोजमर्रा के आधार पर गंतव्य के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई । स्थानीय लोगों और युवाओं को पर्यटन से संबंधित सेवाओं और कार्यों के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की गई । अच्छे होटल, रिजॉर्ट और अन्य आवास स्थापित करने के लिए निजी निवेशों को शामिल किया गया । पीपीपी मोड में विभिन्न थीमों में अनेक नए आकर्षणों, कार्यकलापों और अनुभवों की शुरूआत की गई । इन सभी और अन्य कई कार्यकलापों के कारण एकता नगर में पर्यटकों की संख्या वर्ष 2018 में 4.5 लाख से 10 गुना बढ़कर वर्ष 2023 में 45 लाख हो गई थी । इसके अलावा, इन सभी प्रयासों से एकता नगर के स्थानीय लोगों के लिए पर्यटन अर्थव्यवस्था के माध्यम से आजीविका के नए साधन का सृजन हुआ है जो वर्ष 2014 से पहले इस क्षेत्र में उपलब्ध नहीं था । एकता नगर के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री ने हमें पर्यटन विकास और संवर्धन का एक नया मॉडल दिया है झ एक ऐसा मॉडल जिसे ऐसे प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों का सृजन करने के लिए एक उदाहरण के रूप में अपनाया जा सकता है । स्वदेश दर्शन और प्रतिष्ठितपर्यटक गंतव्यों के विकास जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्थापित मॉडल से प्रेरणा लेते हुए, पर्यटन मंत्रालय अब ह्यसरकार के हर स्तर परह्ल चयनित गंतव्यों को विकसित करने के संयुक्त प्रयासों द्वारा देश में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास की अगुआई कर रहा है ।

# एक देश एक चुनाव - मंत्रिमंडल की मिली स्वीकृति - अब सदन में होगी पेश

**सरकार को दीर्घकालिक योजना बनाने और सुसंगत नीति कार्यान्वयन करने में सुविधा होगी। एक साथ चुनाव होने से मतदाताओं की हर पांच वर्ष में केवल एक बार ही वोट डालना होगा, जिससे मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित निर्णय के साथ बढ़ेगी। उच्चस्तरीय समिति ने चुनाव दो चरण में कराने, पहले चरण में लोक सभा और विधानसभा तथा दूसरे चरण में, लोक सभा और विधानसभा चुनाव के सौ दिन के अंदर, नगरपालिका और पंचायत चुनाव कराने की सिफारिश की है।**





**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
**लेखक**

एक देश एक चुनाव को लागू करने में संविधान की कुछ अनुच्छेदों में संशोधन किया जाना आवश्यक होगा। जन प्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 141, 147 से 151, 152, अनुच्छेद 85, अनुच्छेद 83 (2), अनुच्छेद 172(1), अनुच्छेद 324 ए, अनुच्छेद 325, अनुच्छेद 356, संशोधन करने की जरूरत होगी। एक देश एक चुनाव के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 02 सितम्बर, 2023 को एक समिति गठित की गई थी, जिसमें केन्द्रीय गृह एव सहकारिता मंत्री अमित शाह, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एन.के. सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव डॉ. सुभाष कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी सदस्य थे। केन्द्रीय कानून और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल विशेष आमंत्रित सदस्य थे। डॉ. नितेन चंद्र हाई लेवल कमेटी के सचिव थे। समिति ने लगभग 191 दिनों में रिपोर्ट तैयार की है। 47 राजनीतिक दलों में से 32 ने एक साथ चुनाव कराने पर सहमति दी है, जबकि 15 दलों ने इसका विरोध किया है। विरोध करने वालों में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) प्रमुख दलों में शामिल हैं। वर्तमान केन्द्र सरकार ने 18 सितम्बर को आहूत मंत्रिमंडल की बैठक में उच्चस्तरीय समिति की रिपोर्ट पर अपनी स्वीकृति दे दी है। संभवतः केन्द्र सरकार आगामी शीतकालीन सत्र में इसे पेश कर सकती है ।

एक देश एक चुनाव जब कानून की शक्ल लेगा तो इससे सार्वजनिक धन की बचत होगी, प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा बलों पर पड़ने वाला बोझ कम होगा, सरकारी नीतियों का समय पर कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सकेगा और प्रशासनिक मशीनरी चुनावी कार्यों में लगे रहने की बजाय देश के विकास कार्यों में लगी रहेगी। वहीं एक साथ चुनाव कराने पर पर्याप्त धन की आवश्यकता पड़ेगी, अतिरिक्त सुरक्षा और अधिक वाहनों की आवश्यकता पड़ेगी, पर्याप्त मात्रा में इवीएम और वीवीपैट की आवश्यकता पड़ेगी। यह सही है कि एक देश एक चुनाव लागू होने पर लोकतंत्र और संविधान को मजबूती मिलेगी। लेकिन इस के लिए संविधान की जन प्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 141 एव 152 जिसमें लोक सभा और राज्य विधान सभाओं के लिए आम चुनाव की अधिसूचना से संबंधित है, वहीं धारा 147 से 151 ए लोक सभा विधान सभाओं के उप चुनाव से संबंधित है। अनुच्छेद 83 (2) और अनुच्छेद 172(1) लोक सभा और राज्य विधान सभाओं की अधिकतम अवधि निर्धारित करते हैं। अनुच्छेद 325 एकल मतदाता सूची और एकल मतदाता फोटो पहचान पत्र से संबंधित है इसमें भी संशोधन की आवश्यकता पड़ेगी।

अनुच्छेद 324 ए नगरपालिका और पंचायतों के चुनावों के लिए तथा अनुच्छेद 356 केन्द्र को निर्वाचित राज्य सरकार को बर्खास्त करने से संबंधित संशोधन आदि अपेक्षित होगा। जहां तक मैं समझता हूँ कि एक देश एक चुनाव के पीछे का विचार भारत में लोकसभा (संसद का निचला सदन) और राज्य विधान सभाओं के चुनावों को एक साथ समयबद्ध करने से है।

क्योंकि भारत में प्रत्येक पाँच वर्ष पर लोकसभा और राज्य विधान सभाओं के लिए चुनाव होते हैं। चुनाव पर खर्च का बोझ बढ़ने के कारण कुछ राज्य अपनी राज्य विधान सभाओं के लिए अलग- अलग चुनाव कराते है। एक देश एक चुनाव की अवधारणा के तहत यदि सभी चुनाव एक साथ आयोजित होगी तो, चुनाव की संख्या और उस पर होने वाले खर्च को कम करने तथा चुनावी प्रक्रिया सरल होने की उम्मीद है। मतदाता एक साथ कई चुनावों में भाग ले पायेंगे, जिससे मतदान में वृद्धि होगी, प्रशासन की चुनाव समय सारिणी में सामंजस्य स्थापित होगी, शासन की प्रभावशीलता प्रभावशीलता में भी सुधार की उम्मीद है। देश में आजादी के बाद 1951 से 1967 तक चुनाव एक साथ ही होते थे। लोकसभा और राज्यों की विधानसभा चुनाव एक साथ होना, संविधान सम्मत होने के साथ ही पूरे देश के लिए कल्याणकारी भी है, क्योंकि चुनाव के कारण बार-बार आचार संहिता लगती है जिसकी वजह से होने वाली देरी से मुक्ति मिलेगी और देश एव राज्यों की विकास कार्यों की रफ्तार तेज होगी। एक देश एक चुनाव से सरकार की स्थिरता को लंबी अवधि मिलेगी, जिससे निर्वाचित प्रतिनिधि नीतियों को लागू करने पर अपना ध्यान केन्द्रित कर सकेंगे।

सरकार को दीर्घकालिक योजना बनाने और सुसंगत नीति कार्यान्वयन करने में सुविधा होगी। एक साथ चुनाव होने से मतदाताओं की हर पांच वर्ष में केवल एक बार ही वोट डालना होगा, जिससे मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित निर्णय के साथ बढ़ेगी। उच्चस्तरीय समिति ने चुनाव दो चरण में कराने, पहले चरण में लोक सभा और विधानसभा तथा दूसरे चरण में, लोक सभा और विधानसभा चुनाव के सौ दिन के अंदर, नगरपालिका और पंचायत चुनाव कराने की सिफारिश की है। समिति ने यह भी कहा है कि एक देश एक चुनाव लागू होने पर किसी कारणवश लोक सभा दो वर्ष में ही भंग हो जाता है तो नई सरकार की कार्यकाल तीन वर्ष की ही होगी, उसी प्रकार विधान सभाओं के लिए नई चुनाव होते हैं तो विधान सभाओं का कार्यकाल लोक सभा के पूर्ण कार्यकाल तक रहेगा, यदि वह समय पूर्व भंग नहीं हुई हो। समिति ने निर्वाचन आयोग की सलाह से एकल मतदाता सूची और एकल मतदाता फोटो पहचान पत्र की व्यवस्था एव संविधान में आवश्यक संशोधन करने का सुझाव दिया है। अपवित्र कल्पना उतनी ही बुरी है, जितना अपवित्र कार्य। आज विश्व में जो आतंकवाद, हिंसा, युद्ध, साम्प्रदायिक विद्धेष की ज्वलंत समस्याएं खड़ी है, उसका कारण भी योग का अभाव ही है। आज जरूरत है कि हम अपनी समस्याओं के समाधान के लिये औरों के मुंहताज न बने। ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका समाधान हमारे भीतर से न मिले। हमारे भीतर ऐसी शक्तियां हैं, जो हमें बचा सकती हैं। योग, संकल्प एवं संयम की शक्ति बहुत बड़ी शक्ति है।

# आप में आतिशी पारी, कहीं विस चुनाव में पड़े न भारी

**-योगेश कुमार सोनी-**

दिल्ली सरकार के आबकारी नीति घोटाले पर दुनिया-जहान के अखबारों में सुर्खियां बने आम आदमी पार्टी (आप) के संरक्षक अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देते हुए आतिशी को कमान दे दी। राजनीतिज्ञ व विशेषज्ञ इसे तकनीकी रूप से सियासी दांव मान रहे है। एक वर्ग का मानना यह है कि मौजूदा स्थिति में केजरीवाल के पास मुख्यमंत्री रहते हुए भी सत्ता नहीं थी चूंकि कोर्ट ने उन्हें सशर्त जमानत दी है। इन शर्तों की वजह से वह अपनी शक्तियों का प्रयोग नहीं सकते थे। वह बिना एलजी की सहमति के बिना मुख्यमंत्री कार्यालय या दिल्ली सचिवालय नहीं जा सकते थे। एलजी के बिना सहमति के किसी सरकारी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते थे। इसके अलावा पब्लिक मंच से इस मामले में बयान नहीं दे सकते व साथ ही वह इस केस से संबंधित किसी गवाह से न संपर्क करेंगे न ही कोई बात करेंगे। आतिशी को मुख्यमंत्री बनाने का आप के अंदर नकारात्मक व सकारात्मक दोनों तरह का माहौल बना गया। नकारात्मकता की स्थिति इसलिए ज्यादा मानी जा रही है कि पार्टी में आतिशी से पुराने व बड़े कद के नेता भी हैं जिनको मुख्यमंत्री बनाया जा सकता था जैसे कि संजय सिंह, गोपाल राय, सोमनाथ भारती आदि। दरअसल पार्टी के जो नेता केजरीवाल के साथ के हैं या यूं कहें कि जो आंदोलन के समय से लेकर अब तक साथ हैं व उनकी वरिष्ठता आतिशी से कहीं बड़ी है। वह मन ही मन तो बहुत दुखी होंगे। बहुत सारे ऐसे नेता भी हैं जो आतिशी से ज्यादा प्रभावशाली भी हैं। राजनीति में महत्वकांक्षा का बड़ा महत्व है। हर नेता कुर्सी के पीछे डोलता है। आतिशी के मुख्यमंत्री बनने से ऐसे नेताओं के हाथों से तोते उड़ गए हैं। उनका आप के प्रथम पंक्ति के नेताओं से मोहभंग हो गया है। आप में कभी भी कुर्सी का कलह ज्वालामुखी बनकर फूट सकता है। एक सवाल यह भी है कि आखिर बड़े नेता आतिशी को अपना बॉस क्यों माने? क्या मात्र केजरीवाल के कहने से वह यह बात समझ जाएंगे। आप का शीर्ष नेतृत्व ऐसे लोगों को यह संदेश देने का प्रयास कर रहा है कि वह पार्टी के किसी भी स्तर के नेता को इतना बड़ा मौका दे सकते हैं, जिससे पार्टी के अधिकतर कार्यकताओं का हौसला बढ़ सकता है। लेकिन एक वर्ग का यह भी मानना है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में केवल चार-पांच महीने ही रह गए हैं, ऐसे समय में आतिशी को मुख्यमंत्री बनाने का मुद्दा फायदेमंद हो सकता है। वैसे इसे जमकर भुनाने की योजना तैयार की जा रही है। एक महिला को मुख्यमंत्री बनाने पर भी महिलाओं कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने का कार्ड भी खेलने की तैयारी है। सवाल व समीकरण कई तरह के हैं। सोशल मीडिया के इस दौर में कोई भी बात कही हुई सोशल मीडिया एक्सपर्ट भूलने नहीं देते। मात्र मुख्यमंत्री बदलने से क्या पार्टी की छवि बदलेगी, ऐसा मुश्किल है। वफादार तो अब भी यही कहते हैं कि आम आदमी पार्टी का भरोसा अभी भी केजरीवाल पर ही है। मगर इस्तीफा देकर पटकथा में नायक बनने की कोशिश को दिल्ली के लोग कुबूल नहीं कर पा रहे। बहरहाल, आतिशी पर अब बड़ी जिम्मेदारी आई गई है। उनके पास सबसे ज्यादा विभाग हैं। विधानसभा चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं है और केजरीवाल पर संकट अभी भी बरकरार है। सवाल कई हैं...। क्या केजरीवाल पहले की तरह ऊजार्वान होकर चुनाव लड़ पाएंगे और यदि इस बीच दोबारा जेल चले गए तो किसके चेहरे पर चुनाव होगा? केजरीवाल ने अब आतिशी को कमान दी है तो अब उन्हें रणनीति के साथ पार्टी की छवि को सुधारते हुए काम करना होगा। मुख्यमंत्री जैसे पद की जिम्मेदारी बेहद गंभीर व बड़ी मानी जाती है। योग्यता व अपनी आक्रामक शैली का फायदा उठाते हुए आतिशी को पार्टी को सजाना होगा व साथ ही सबको साथ लेकर कार्य करने होंगे। चुनाव में समय कम है और जिम्मेदारी ज्यादा। यदि इस बार कांग्रेस व आम आदमी पार्टी का गठबंधन नहीं हुआ तो त्रिकोणीय मुकाबले को लेकर चुनाव बेहद चुनौतीपूर्ण होंगे।



# खुशी कपूर के साथ फिल्म करने पर जुनैद खान ने जताया उत्साह



अभिनेता जुनैद खान ने हाल ही में खुशी कपूर और साई पल्लवी के साथ एक नई फिल्म साइन की है। अब मीडिया को दिए एक बयान में उन्होंने दोनों महिलाओं के साथ काम करने के बारे में बात की और बताया कि वह इस नए प्रोजेक्ट को लेकर कितने उत्साहित हैं। इस साल की शुरुआत में नेटफिलक्स फिल्म महाराज से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने वाले जुनैद ने मीडिया को बताया कि वह और खुशी एक से ज्यादा वजहों से एक जैसे हैं। अभिनेता ने खुशी की समय की पाबंदी की सराहना की। उन्होंने कहा, खुशी और मैं कई मायनों में एक जैसे हैं। हम दोनों ही अंतर्मुखी हैं। वह एक प्यारी इंसान हैं। हमेशा समय पर रहती हैं। साई पल्लवी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, वह एक शानदार कलाकार हैं, मैं अब तक जितने भी कलाकारों से मिला हूं, उनमें से वह सबसे स्वाभाविक कलाकारों में से एक हैं। उनसे मेरी सबसे बड़ी सीख यह है कि कलाकार के तौर पर हम दोनों बहुत अलग हैं। हमारे पास सामग्री को देखने का तरीका बहुत अलग है। वह बहुत स्वाभाविक हैं। नई फिल्म की घोषणा इस महीने की शुरुआत में की गई थी। फैंटम स्टूडियो और एजीएस एंटरटेनमेंट ने डिजिटल युग में प्यार के बारे में अपनी आगामी फिल्म का अनावरण करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्टर साझा किया। 17 सितंबर, 2024 को साझा किए गए पोस्टर में लिखा था, फैंटम स्टूडियो और एजीएस एंटरटेनमेंट ने खुशी कपूर और जुनैद खान के साथ प्यार, पसंद और बीच की हर चीज के बारे में हमारी फिल्म की नाटकीय रिलीज की घोषणा की है। फिल्म का निर्देशन अद्वैत चंदन करेंगे।

जुनैद और खुशी दोनों के लिए यह पहली बॉलीवुड फिल्म होगी, जो पहले अपने-अपने नेटफिलक्स शो में नजर आ चुके हैं।



# टाइगर श्रॉफ के हाथ लगे कई बड़े प्रोजेक्ट, क्या हटा पाएंगे फ्लॉप फिल्मों का ग्रहण

बॉलीवुड के पसंदीदा अभिनेता हैं टाइगर श्रॉफ। टाइगर कई सालों से कोई भी हिट फिल्म नहीं दे पाए हैं। बड़े मियां छोटे मियां, गणपत और हीरोपंती 2 यह सभी फ्लॉप रहीं, लेकिन अब टाइगर के प्रशंसकों के लिए एक अच्छी खबर है कि उनके पास कई आगामी बड़े प्रोजेक्ट हैं, जिनके जरिए वह अपनी फ्लॉप इमेज को सुधार कर सकते हैं। इस साल टाइगर की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां रिलीज हुई, लेकिन अफसोस की बात यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चल नहीं सकी। अब प्रशंसक उनकी आगामी फिल्मों पर अपनी नजरे बनाए हैं। टाइगर श्रॉफ बॉलीवुड के ऐसे अभिनेता हैं, जिनकी फिल्मों का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार करते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार टाइगर श्रॉफ बागी फ्रेंजाइजी की चौथी किस्त बागी 4 के साथ धांसू एंट्री करने वाले हैं। यह हमेशा की तरह ही एक एक्शन ड्रामा फिल्म होगी। इस फिल्म की शूटिंग इस साल नवंबर में शुरू होगी। बागी 4 का निर्देशन कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के जाने माने निर्देशक हर्ष करेंगे। निर्देशक रोहित शेट्टी की आगामी कॉप यूनिवर्स की सिंघम की तीसरी किस्त सिंघम अगेन में टाइगर श्रॉफ नजर आएंगे। इस फिल्म में टाइगर ष्क्कसत्या के किरदार में धमाल मचाते नजर आएंगे। कुछ समय पहले रोहित ने सोशल मीडिया पर टाइगर का फिल्म से लुक साझा किया और लिखा, मिलिए हमारे स्पेशल टास्क फोर्स एसीपी सत्या से, जो इम्मोर्टल हैं सच की तरह....। फिल्म सिंघम अगेन में टाइगर के अलावा रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर, अजय देवगन और करीना कपूर नजर आएंगी। यह फिल्म इस साल दीवाली पर रिलीज होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मिशन ईगल नाम की फिल्म में भी टाइगर का जलवा देखने को मिल सकता है। इस फिल्म की अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।



# साउथ फिल्म में डेब्यू कर सकती हैं करीना कपूर

करीना कपूर खान इन दिनों अपनी फिल्म द बकिंघम मर्डर्स को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। इस फिल्म में करीना के अभिनय की जमकर तारीफ हो रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, करीना साउथ की फिल्म में नजर आ सकती हैं। अगर ऐसा होता है तो यह करीना का साउथ में डेब्यू होगा।

## करीना कर सकती हैं साउथ की फिल्म में काम?

जान्हवी कपूर से लेकर आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण, कृति सेनन, अनन्या पांडे और यहां तक कि अक्षय कुमार, संजय दत्त और सैफ अली खान जैसे बॉलीवुड सितारे भी साउथ इंडस्ट्री में कदम रख चुके हैं। अगर बेबो साउथ की फिल्म करती हैं तो इस सूची में शामिल होने वाली वह जान्हवी के बाद नवीनतम अभिनेत्री बन जाएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इवेंट के दौरान करीना ने कहा कि वह एक बहुत बड़ी साउथ फिल्म कर सकती हैं और उनकी इसी बात से उनके प्रशंसक यह अनुमान लगा रहे हैं कि वह किसी साउथ फिल्म में नजर आ सकती हैं। अगर ऐसा होता है तो यह उनकी पहली साउथ फिल्म होगी। द बकिंघम मर्डर्स 13 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसे शोभा कपूर और एकता कपूर ने भी प्रोड्यूस किया है। फिल्म में करीना ने एक ब्रिटिश-भारतीय जासूस की भूमिका निभाई है, जिसे बकिंघमशायर में मारे गए एक बच्चे का मामला सौंपा गया। अभिनेत्री की शक्तिशाली और आकर्षक भूमिका के लिए फिल्म को आलोचकों से भी सकारात्मक समीक्षा मिली है।

## आने वाली फिल्में

2000 में रिफ्यूजी से अपनी फिल्मी करियार की शुरुआत कर चुकी करीना कपूर खान अपने प्रशंसकों की सबसे पसंदीदा अभिनेत्री हैं। बात चाहे कंटेंट फिल्मों की हो या कमर्शियल फिल्मों की करीना ने हमेशा अपनी बेस्ट परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीता है। 2023 में, उन्होंने जाने जान, 2024 में द क्रू और अब द बकिंघम मर्डर्स में अपने अभिनय से सभी का दिल जीत लिया है। अब वह अपनी आगामी फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म को रोहित शेट्टी निर्देशित करेंगे। फिल्म में करीना अवनी बाजीराव सिंघम के किरदार में नजर आएंगी। करीना के अलावा फिल्म में अजय देवगन, टाइगर श्रॉफ, दीपिका पादुकोण और अर्जुन कपूर नजर आएंगे।



# बॉलीवुड और ओटीटी के लिए उत्साहित हूं, नए विकल्प तलाश रही हूं

मदालसा शर्मा टीवी की प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं। उन्होंने कई टीवी शोज के अलावा बॉलीवुड फिल्मों में भी काम किया है। टीवी का नंबर वन शो अनुपमा छोड़ने के बाद मदालसा ने इंटरव्यू के दौरान कई बातों का खुलासा किया। मदालसा ने टीवी का प्रसिद्ध शो अनुपमा इसलिए छोड़ा क्योंकि अब वह नए तरह के किरदार करना चाहती हैं। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि वह रियलिटी शोज के अलावा आने वाले समय में बॉलीवुड और ओटीटी पर भी काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। अनुपमा शो छोड़ चुकीं मदालसा अब नए तरह के रोल तलाश रही हैं। उन्होंने अनुपमा में अपने किरदार काव्या को लेकर भी कई बातें कहीं। मदालसा ने कहा, अनुपमा शो में काव्या को जरूर मिस किया जाएगा क्योंकि दर्शकों ने काव्या को अपनी जिंदगी से कनेक्ट किया है। काव्या के किरदार को लेकर मदालसा ने आगे कहा, चार साल तक ये शो चला है, नंबर वन पर यह शो अभी भी बरकरार है, जो प्यार लोगों से मुझे मिला है, जो प्यार इस शो के जरिए मुझे मिला है, वह हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा। जब मदालसा से पूछा कि वह लाइफ में किस तरह का रोल करना चाहती हैं। इस पर मदालसा ने कहा, मैं नए ऑप्शन तलाश रही हूं। मैं एक एक्टर हूं, जब भी मुझे कोई रोल करने के लिए अपने दिल से सहमती मिलेगी तो मैं वह किरदार जरूर निभाऊंगी। मैं हर तरह के किरदार निभाना चाहूंगी। फिल्मों को लेकर मदालसा ने कहा, बॉलीवुड और ओटीटी करने के लिए बेहद उत्साहित हूं, जब मौका मिलेगा तो जरूर बताऊंगी।

# आलिया-दीपिका को पछाड़ सामंथा ने हासिल किया यह खिताब



ऑरमैक्स की एक रिपोर्ट के अनुसार सामंथा रूथ प्रभु ने भारत में सबसे लोकप्रिय महिला फिल्म स्टार का खिताब अपने नाम कर लिया है। सामंथा ने आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण, नयनतारा और श्रद्धा कपूर को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया है। सूची में दीपिका पादुकोण, नयनतारा, काजल अग्रवाल, श्रद्धा कपूर, त्रिशा, कैटरीना कैफ, रश्मिका मंदाना, कियारा आडवाणी शामिल हैं। आलिया दूसरे स्थान पर हैं, सामंथा ने अपनी अदाकारी के दम पर प्रशंसकों के दिल में यह खास जगह बनाई है। सामंथा अब कई फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं, वे वरुण धवन के साथ सिटाडेल- हनी बनी में नजर आएंगी। सामंथा ने रक्त ब्रह्मांड की शूटिंग भी शुरू कर दी है, जिसे राही अनिल बर्वे ने निर्देशित किया है, राज और डीके ने इसे बनाया है।

# चिरंजीवी की उपलब्धि पर पवन कल्याण ने दी प्रतिक्रिया, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हुआ है नाम



पवन कल्याण साउथ फिल्मों के मशहूर अभिनेता हैं। फैंस उन्हें पावर स्टार के नाम से पुकारते हैं। फैंस के बीच उनकी फिल्मों को लेकर गजब की दीवानगी देखी जाती है। बीते कुछ वर्षों से वह राजनीति में काफी सक्रिय हैं। इस वक्त वह आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री भी हैं। हाल में ही उनके भाई चिरंजीवी का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया है। अभिनेता एवं राजनेता ने इसे लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भाई को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। पवन कल्याण के भाई और फैंस के बीच मेगास्टार के नाम से मशहूर अभिनेता चिरंजीवी भी एक बेहद लोकप्रिय अभिनेता हैं। उन्हें उनके अभिनय तथा डांस के लिए काफी पसंद किया जाता है। चिरंजीवी ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक सफल और ब्लॉकबस्टर फिल्में की हैं। हाल में ही इस तेलुगु कलाकार का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। उन्हें भारतीय सिनेमा के सबसे सफल फिल्म स्टार के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। चिरंजीवी को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने उनके 45 वर्षों के 156 फिल्मों के 537 गानों में किए गए 24,000 डांस मूव्स के लिए मान्यता दी है। उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर पवन कल्याण ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि उनके भाई की यह उपलब्धि उन सभी लोगों को प्रेरित करेगी, जो समाज में योगदान देना चाहते हैं। पवन कल्याण ने कहा परेशान करने वाले हालातों के बीच, यह खबर काफी मीठी और सुखद है। मैंने उन्हें बधाई दी। रिकॉर्ड एक बड़ी बात होती है, यह किसी की यात्रा का प्रमाण होता है कि उस व्यक्ति ने क्या हासिल किया था। इस दौरान कल्याण मंगलगिरी स्थित जनसेना कार्यालय के आवास में मौजूद थे। उन्होंने आगे बताया कि उनके निवास में एक बड़ी गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स हुआ करती थी। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि उन्हें दिया गया यह पुरस्कार नई पीढ़ी को काफी प्रेरित करेगा। मेरे भाई द्वारा यह रिकॉर्ड हासिल करना, मेरे लिए बेहद खुशी की बात है। वह न केवल एक भाई हैं, बल्कि मेरे लिए पिता समाना हैं।



# जूनियर एनटीआर ने आलिया भट्ट को बताया सच्ची दोस्त

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट और साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर इन दिनों काफी चर्चा में हैं। दोनों अपनी आगामी फिल्म के रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। आलिया भट्ट जिगरा में नजर आने वाली हैं, जबकि एनटीआर देवरा में नजर आएंगे। हाल में ही दोनों देवरा का जिगरा नामक इंटरव्यू के लिए जुटे थे। इस दौरान दोनों ने एक दूसरे के साथ काफी मजेदार और दिलचस्प बातें कीं। इस बातचीत के दौरान जूनियर एनटीआर ने खुलासा किया वो और आलिया अच्छे दोस्त हैं। आलिया और जूनियर एनटीआर इससे पहले साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म आरआरआर में साथ काम कर चुके हैं। इस इंटरव्यू के दौरान एनटीआर ने खुलासा करते हुए बताया कि आलिया शुरू से ही मुंबई में उनकी एक सच्ची दोस्त रही हैं। इस इंटरव्यू के दौरान दोनों के साथ दिग्गज हिंदी फिल्म निर्माता-निर्देशक करण जौहर भी मौजूद थे। इस बातचीत के दौरान एनटीआर ने कहा, मैं बॉम्बे में आलिया के अलावा किसी और दोस्त की कल्पना नहीं कर सकता। निश्चित रूप से उनके बाद ही रणबीर से भी दोस्ती हुई। उन्होंने आगे कहा, रणबीर और मैं नहीं दोस्त नहीं थे, पहले मेरी और आलिया की दोस्ती हुई और फिर बाद में रणबीर के साथ मेरी दोस्ती हुई। इस बातचीत के दौरान दोनों ने एक दूसरे के साथ काफी मस्ती की। दोनों के बीच इस बात पर काफी विचार हुआ कि उनकी फिल्मों में से सबसे पहले किसकी फिल्म का नाम रखा गया था। हालांकि, बाद में ये निष्कर्ष निकाला गया कि देवरा ही वो फिल्म थी, जिसका नाम पहले रखा गया। दोनों इस दौरान काफी चकित थे कि कैसे दोनों की फिल्मों का उच्चारण एक जैसा ही लगता है।



## अलग-अलग जासूसी थ्रिलर में नजर आएंगे एनटीआर और आलिया

बात करें दोनों कलाकारों के वर्क फ्रंट की, तो देवरा के बाद जूनियर एनटीआर यशराज फिल्म्स के जासूसी थ्रिलर वॉर 2 में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ ऋतिक रोशन भी नजर आने वाले हैं। वहीं, आलिया जिगरा के बाद, यशराज फिल्म्स की ही जासूसी पर आधारित फिल्म अल्फा में नजर आएंगी। इस फिल्म में वह शरवरी वाघ के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। इसके बाद वो अपने पति रणबीर कपूर और विक्की कौशल के साथ संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में नजर आएंगी।

# पुष्पा 2 में नहीं होगा तृप्ति डिमरी का आइटम सॉन्ग?

अल्लू अर्जुन की इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2 की रिलीज का हर किसी को बेसब्री से इंतजार है। वहीं फिल्म से जुड़ी हर एक जानकारी के लिए प्रशंसक इसकी हर एक नवीनतम अपडेट पर अपनी नजर रखते हैं। पुष्पा 2 की रिलीज डेट जैसे-जैसे करीब आ रही है दर्शकों के बीच फिल्म का क्रेज बढ़ता ही जा रहा है। कुछ वक्त पहले तक खबर थी कि फिल्म में तृप्ति डिमरी अल्लू अर्जुन के साथ डांस करती नजर आने वाली हैं। हालांकि, अब खबर है कि उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया है। सोर्स से पता चला है कि मेकर्स ने तृप्ति डिमरी का ऑडिशन लिया, लेकिन उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया था। वही, इस फिल्म के आइटम सॉन्ग के लिए तृप्ति के साथ जाह्नवी कपूर का भी नाम सामने आ रहा था।






# नाबालिग बच्चों के नाम से विदेश में प्रॉपर्टी खरीद रहे लोग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशों में भारतीय लगातार प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं। कई रिपोर्ट में इस बात की जानकारी सामने आई है कि दुनिया के कई शहर प्रॉपर्टी के मामले में भारतीयों के लिए हॉट डेस्टिनेशन बन गए हैं। इनमें कैलिफोर्निया, दुबई, लंदन आदि प्रमुख हैं। भारतीयों की ओर से सबसे ज्यादा प्रॉपर्टी यूएई में खरीदी जा रही है। अब एक बात और सामने आई है। काफी भारतीय अपने नाबालिग बच्चों के नाम से विदेश में प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं।

रिजर्व बैंक की लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम के तहत नाबालिग विदेश में पैसा भेज रहे हैं। हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफ इंडिया में प्रकाशित खबर के अनुसार स्र्क्र नॉर्म्स के तहत कोई भी शख्स संपत्ति खरीदने या किसी भी दूसरे उद्देश्य के लिए प्रति वर्ष 2.50 लाख डॉलर से ज्यादा रकम विदेश नहीं भेज सकता। 24 अगस्त 2022 से प्रभावी हुए संशोधन के अनुसार अगर वह इस रकम को 180 दिनों के भीतर निवेश नहीं करता है तो वह रकम वापस भारत भेजनी होगी। विदेशी निवेश पर बढ़ती जांच और नॉन-डिस्क्लोजर के लिए ब्लैक मनी एक्ट के तहत कड़े नियमों को देखते हुए हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल्स एक्सपर्ट की सलाह ले रहे हैं।

**क्या था पहले नियम-** पहले नियम था कि विदेश भेजी गई रकम को विदेशी खातों में जमा किया जा सकता था। जब रकम ज्यादा जमा हो जाए तो उससे दुबई या दूसरे देशों में प्रॉपर्टी खरीदी जा सकती थी। जमा रकम के लिए कोई समय-सीमा नहीं थी। लेकिन अब 180 दिन की सीमा के कारण विदेश भेजी गई रकम को ज्यादा समय के लिए रोकना मुश्किल हो गया है।

**अब इस्तेमाल कर रहे यह ट्रिक-** ऐसे में अब लोग विदेश भेजे जाने वाली इस रकम का इस्तेमाल नाबालिगों के नाम से प्रॉपर्टी खरीदने में कर रहे हैं। ष्ट्ह्य ×ह्यह्यश्चष्ठ्ठद्बह्लद्दह्य के टैक्स पार्टनर गौतम नायक के मुताबिक भारत में माता-पिता से मिले गिफ्ट का इस्तेमाल करके स्र्क्र के तहत नाबालिग की ओर से विदेश में धन भेजा जा सकता है। इसके अलावा, माता-पिता द्वारा बच्चों को दिए गए गिफ्ट पर भारत में कोई टैक्स नहीं लगता।

**इसे ऐसे समझें-** डीएम हरीश एंड कंपनी के एडवोकेट और पार्टनर अनिल हरीश बताते हैं कि अगर कोई दंपत्ति और उनके दो नाबालिग बच्चे दुबई में प्रॉपर्टी खरीदने के लिए धन भेजते हैं तो प्रॉपर्टी नाबालिगों सहित सभी चार नामों पर होनी चाहिए। दुबई के रियल एस्टेट विशेषज्ञ बताते हैं कि नाबालिग पैरेंट्स या ट्रस्टी के माध्यम से संपत्ति का स्वामित्व रख सकते हैं। हालांकि इस संपत्ति का खुलासा इनकम टैक्स रिटर्न में जरूर करना जरूरी है। ऐसा न करने पर ब्लैक मनी एक्ट के तहत 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है।

## ...लेकिन आईटीआर फाइल करने में भी हैं जटिलताएं

विदेश में नाबालिग के नाम प्रॉपर्टी होने और उस पर टैक्स लगने के मामले में कई जटिलताएं हैं। रश्मिन संघवी एंड एसोसिएट्स के पार्टनर रुत्विक संघवी अगर किसी शख्स को विदेशी संपत्ति से आय हो रही है (मान लीजिए किराये की आय) तो उस आय को माता-पिता के साथ जोड़ दिया जाता है। किसी विदेशी संपत्ति के लाभार्थी को, जहां आय किसी अन्य व्यक्ति के साथ जोड़ी जाती है, आईटीआर करने की आवश्यकता नहीं होती है। धारा 139(1) के पांचवें प्रावधान में इसका जिक्र है।

हालांकि इसमें कई जटिलताएं हैं। संघवी के अनुसार अगर कोई नाबालिग दुबई की संपत्ति का सह-मालिक (को-ऑनर) है, तो वह केवल लाभार्थी नहीं है। जबकि आयकर कानून इनकम को जोड़ने का प्रावधान करता है। हालांकि वे डिस्क्लोजर उद्देश्यों के लिए संपत्तियों को जोड़ने का प्रावधान नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला और भी जटिल हो जाता है क्योंकि टैक्स फाइलिंग प्लेटफॉर्म नाबालिग को रिटर्न दाखिल करने की अनुमति नहीं देता है, जब तक कि उसने अपने प्रयासों (जैसे, बाल कलाकार के रूप में) से आय अर्जित न की हो।

नायक बताते हैं कि नाबालिग का टैक्स रिटर्न अभिभावक के रूप में माता-पिता द्वारा दाखिल किया जाना चाहिए। उन्हें नाबालिग के खाते के माध्यम से आयकर पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। ऐसे रजिस्ट्रेशन की अनुमति तब तक नहीं दी जाती जब तक कि नाबालिग खुद की आय होने का सर्टिफिकेट ऑनलाइन दाखिल न करे। ऐसे में यहां मामला काफी पेंचीदा हो जाता है।

# मेक इन इंडिया: 10 साल में 7500 फीसदी बढ़ा मोबाइल फोन का निर्यात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोदी सरकार की ओर से 10 साल पहले शुरू की गईमेक इन इंडिया पहल का विनिर्माण और निर्यात से लेकर अर्थव्यवस्था से जुड़े हर क्षेत्र में जबरदस्त असर देखने को मिला है।इस पहल की सफलता का ही नजीता है कि भारत इन 10 वर्षों में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता बनने में कामयाब हुआ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मेक इन इंडिया की 10वीं वर्षगांठ के मौके पर सोशल मीडिया पर ब्लॉग लिखकर बताया, 2014 में जब इस पहल की शुरुआत हुई थी, तब देश में मोबाइल फोन बनाने वाली सिर्फ दो फैक्टरियां थीं। अब इनकी संख्या 200 से ज्यादा हो गईहैं।इन 10 वर्षों में देश से होने वाले मोबाइल फोन निर्यात में 7,500 फीसदी की शानदार तेजी दर्ज की गईहै। 10 साल पहले यानी 2014 में भारत 1,556 करोड़ रुपये का मोबाइल फोन निर्यात करता था, जो बढ़कर अब 1.2 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है।आज देश में इस्तेमाल होने वाले 99 फीसदी मोबाइल फोन मेड इन इंडिया हैं यानी देश में ही बने हैं।देश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए 25 सितंबर, 2014 में मेक इन इंडिया की शुरुआत हुई थी।

**हर घंटे लॉन्च हुआ एक स्टार्टअप-** देश में पिछले 10 वर्षों में हर घंटे एक स्टार्टअप लॉन्च हुआ। इससे स्टार्टअप की संख्या 2014 के 350 से बढ़कर 1.48 लाख हो गई है। खास बात है कि 45 फीसदी स्टार्टअप टियर-2 और टियर-3 शहरों में हैं। 2014 के बाद से अब तक एक करोड़ से अधिक पेटेंट दिए गए हैं।

**एमएसएमई: 21.17 करोड़ लोगों को मिला रोजगार-** मेक इन इंडिया पहल का एमएसएमई क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने में बड़ा योगदान है। उद्यम पोर्टल पर 4.91 करोड़ एमएसएमई पंजीकृत हैं। इनमें से 1.85 करोड़ इकाइयां महिलाएं चलाती हैं। खास बात है कि एमएसएमई ने 21.17 करोड़ लोगों को रोजगार दिया है।

## अनिल अंबानी की एक और कंपनी कर्ज मुक्त होने के करीब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्ज में डूबे उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनियां तेजी से अपना कर्ज चुकाने में लगी हैं। उनकी एक और कंपनी ने समय से पहले 850 करोड़ रुपये का कर्ज चुका लिया है और यह भी कर्ज मुक्त बनने की तरफ बढ़ रही है। रिलायंस पावर की सब्सिडियरी कंपनी रोजा पावर ने सिंगापुर के लेंडर वर्डे पार्टनर्स को 850 करोड़ रुपये के



कर्ज का समय से पहले भुगतान कर दिया है। रिलायंस पावर के कर्ज मुक्त बनने उपलब्धि के बाद अब रोजा पावर भी डेट-फ्री होने की राह पर है। कंपनी का लक्ष्य अगली तिमाही में अपने शेष कर्ज का निपटान करना है और चालू वित्त वर्ष के अंत से पहले इस प्रक्रिया को पूरी कर लेना है।

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर के पास रोजा गांव में 1,200 मेगावाट का कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांट संचालित करने वाली रोजा पावर पर केवल वर्डे पार्टनर्स का ही कर्ज है। रिलायंस पावर के बोर्ड ने सोमवार को प्रीफेरेंशियल इश्यू को मंजूरी दे दी, जिसमें 600 करोड़ रुपये से अधिक इसकी प्रमोटर रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर से आएंगे।

## मनोरंजन कारोबार के दिन भारी, खर्च में कटौती के लिए दो बड़ी कंपनियों ने किया छंटनी का एलान

नई दिल्ली, एजेंसी। वॉल्ट डिज्नी में छंटनी की खबर सामने आ रही है। कंपनी की लाभप्रदता बढ़ाने के लिए चल रही रणनीति के तहत कॉरपोरेट स्तर पर फैसला लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार चुनौतीपूर्ण बाजार माहौल के बीच परिचालन को




सुव्यवस्थित करने और वित्तीय प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिशों के तहत डिज्नी छंटनी का सहारा ले रही है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने बुधवार को ईमेल के जरिए बयान जारी कर कहा, अनुकूलन कार्य के एक हिस्से के रूप में, हम अपने कॉरपोरेट स्तर के कार्यों के लिए लागत संरचना की समीक्षा कर रहे हैं।

## अक्टूबर में आधा महीना बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सितंबर महीना खत्म होने वाला है और जल्द ही नए अक्टूबर महीने की शुरुआत हो जाएगी। अक्टूबर, 2024 में त्योहारों के कारण बैंकों में कई दिन अवकाश रहने वाला है। इसमें शारदीय नवरात्र से लेकर दशहरा और दिवाली तक की छुट्टी शामिल है। अगर आपको भी बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम है तो समय पर निपटा लें, वरना बाद में आपको परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बैंक एक जरूरी वित्तीय संस्थान है। कई ऐसे काम हैं जो बैंक बंद होने के कारण अटक जाते हैं। ऐसे में ग्राहकों की सुविधा के लिए रिजर्व बैंक महीने की शुरुआत से पहले ही बैंक हॉलिडे की लिस्ट जारी कर देता है। आरबीआई के मुताबिक, अक्टूबर में बैंकों में 31 दिन में से 15 दिन अवकाश रहने वाला है।

# 900 से ज्यादा कंपनियों के कर्मचारियों को कोई शिकायत नहीं

## यह शिकायत हेल्थ, सेफ्टी या किसी और दूसरी वजह की हो सकती है

- **कई कारणों से कर्मचारी इस तरह की शिकायत दर्ज नहीं कराते**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** किसी भी ऑफिस में किसी कर्मचारी को कोई शिकायत न हो, ऐसा शायद मुश्किल होता है। वर्कप्लेस पर हेल्थ और सेफ्टी को लेकर कई बाते अक्सर सामने आती रहती हैं। सेफ्टी से जुड़ी ज्यादातर शिकायतें महिलाओं की होती हैं। हालांकि काफी मामले ऐसे में सामने आए हैं जब किसी भी कर्मचारी ने उसके साथ होने वाले बुरे बर्ताव या सेफ्टी या दूसरी चीजों को लेकर कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई। एक आंकड़े के मुताबिक 900 से ज्यादा कंपनियों के कर्मचारियों को कोई शिकायत नहीं है।

हमारे सहयोगी इकनॉमिक टाइम्स के मुताबिक भारत की टॉप 1062 लिस्टेड



कंपनियों को वित्त वर्ष 2023 में कर्मचारियों की ओर से ढेरों शिकायतें मिलीं। प्राइम डेटाबेस से प्राप्त बिजनेस रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड सस्टेनेबिलिटी रिपोर्टिंग डेटा के अनुसार हेल्थ और सेफ्टी से संबंधित 2.20 लाख से ज्यादा शिकायतें मिलीं। वहीं करीब 75 हजार शिकायतें ओवर वर्किंग से संबंधित थीं।

**कोई शिकायत न हो, यह असंभव-** टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के प्रोफेसर बिनो पॉल बताते हैं कि कर्मचारियों की ओर से अपनी शिकायतें न उठाना एक गंभीर चिंता का विषय है। यह असंभव है कि कोई शिकायत न हो। अपराजिता कॉरपोरेट सर्विसेज के मैनेजिंग डायरेक्टर नागराज कृष्णन ने कहा कि शिकायतों को हमेशा कंपनियों में व्यवस्थित रूप से दर्ज नहीं किया जाता है। इसका मतलब यह नहीं है कि शिकायतों का समाधान नहीं किया जाता। लेकिन शिकायतों को व्यवस्थित तरीके से दर्ज करने और रिकॉर्ड करने का कोई तरीका नहीं है।

### आखिर क्यों दर्ज नहीं कराते शिकायत?

रोजगार और श्रम कानून एक्सपर्ट ठ्ठद्म के पार्टनर विक्रम श्रॉफ बताते हैं कि कंपनियों द्वारा शून्य शिकायतें दर्ज करने की कई वजहें हैं। शुरुआत में कंपनियों को हेल्थ और सेफ्टी से जुड़ी कई कानूनों का पालन करने की आवश्यकता है। कुछ मामलों में हेल्थ और सेफ्टी को लेकर एक समिति गठित करने की भी जरूरत होती है। कोविड के अनुभव को देखते हुए कई कंपनियों अपने वर्कप्लेस पर बेहतर माहौल मुहैया करा रही हैं। वहीं काफी कंपनियां समय-समय पर सर्वे आदि के जरिए कर्मचारियों की परेशानियों को जानती रहती हैं और उनका समाधान करती हैं। ऐसी चीजों ने हेल्थ और सेफ्टी से जुड़ी कर्मचारियों की शिकायतों को कम या खत्म कर दिया है।

डेटा के मुताबिक साल 2023 में साल 2022 के मुकाबले कम कंपनियां ऐसी रहीं जिनके कर्मचारियों ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई। । साल 2022 में 965 कंपनियों के कर्मचारियों ने हेल्थ और सेफ्टी से जुड़ी कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। इस बार यह संख्या कम होकर 944 रह गई। वहीं वर्किंग कंडिशन को लेकर साल 2022 में 949 कंपनियों के कर्मचारियों ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। वहीं साल 2023 में यहां भी कंपनियों की संख्या कम होकर 920 रह गई।

### जानकारी का खुलासा करना जरूरी

क्चक्रस्क्र ढांचे के तहत वित्त वर्ष 2023 से टॉप 1000 लिस्टेड कंपनियों के लिए कर्मचारियों की ओर से की गई शिकायतों पर जानकारी का खुलासा करना अनिवार्य है।

# टाइटन हाउस के स्किन ब्रांड ने 24 सेवन की बेहतरीन फ्रेगरेंस वाली रेंज के साथ रखा अफोर्डेबल फ्रेगरेंस वाले सेगमेंट में कदम

**बेंगलुरु एजेंसी।** टाइटन के मशहूर भारतीय फ्रेगरेंस ब्रांड, स्किन ने अपनी नई अफोर्डेबल फ्रेगरेंस लाइन, स्किन 24सेवन के लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी ज़ाहिर की है। स्किन के इस स्ट्रेटेजिक एक्सपेंशन का लक्ष्य है, एक्सेसिबल प्राइस पॉइंट पर प्रीमियम फ्रेगरेंस की बढ़ती मांग को पूरा करना। यह रोज़ाना इस्तेमाल किया जा सकने वाला फ्रेगरेंस कलेक्शन, भारतीय फ्रेगरेंस बाजार में एक नई केटेगरी की पेशकश कर बेहतरीन फ्रेगरेंस को लोगों के डेली ग्रूमिंग रिचुअल का अभिन्न अंग बनाना चाहता है।

स्किन 24सेवन ने परफ्यूम्स की एक ऐसी रेंज पेश की है, जिसे ऑर्डिनरी को एक्स्ट्राऑर्डिनरी बनाने के लिए तैयार किया गया है। ब्रांड की पोज़िशनिंग है, स्किन 24सेवन की नई रेंज के साथ साधारण को खास और हर दिन को जादुई बनाएं। इसके साथ यह कंज़्यूमर को हर घंटे, हर दिन बेहतरीन फेगरेंस अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। भारतीय परफ्यूम और डियोडोरेंट मार्केट लगभग




10,000 करोड़ रुपये का है, जिसमें से परफ्यूम की हिस्सेदारी 4500 करोड़ रुपये और डियोडोरेंट की हिस्सेदारी 5500 करोड़ रुपये की है। कुल 4500 करोड़ रुपये के मार्केट में से संगठित रूप से परफ्यूम मार्केट का आकार 2500 करोड़ रुपये का होने की संभावना है, जिसमें अगले 5 साल के दौरान 12-13 प्रतिशत की सीएजीआर की दर से वृद्धि दर्ज हो सकती है।

भारत के बेहतरीन फ्रेगरेंस बाजार में अग्रणी स्किन, लंबे समय से मैस्टिज सेगमेंट सबसे आगे रहा है। कंज़्यूमर की प्रायोरिटी में बदलाव और खर्च करने लायक आय बढ़ने से अफोर्डेबल प्राइस पर हाई क्वालिटी वाली फ्रेगरेंस की मांग बढ़ती जा रही है। स्किन 24 सेवन ने इस इमर्जिंग मार्केट में अपनी पकड़ बनाने के लिए स्ट्रेटेजिक रूप से काम किया है, जो इन कंज़्यूमर को आकर्षित करने के लिए क्वालिटी, अफोर्डेबिलिटी और स्टाइल का शानदार ब्लेंड पेश करता है।

टाइटन कंपनी लिमिटेड के फ्रेगरेंस और एक्सेसरीज डिविज़न के सीईओ, श्री मनीष गुप्ता ने कहा, स्किन 24 सेवन, कंज़्यूमर को अपने लाइफस्टाइल को बेहतर बनाने के लिए एक शानदार चॉइस प्रदान कर रहा है। हम कंज़्यूमर को फ्रेगरेंस को अपने डेली लाइफ का हिस्सा बनाने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं, ताकि वे हर पल को शानदार तरीके से जीने के लिए तैयार हो सकें। हम प्रीमियम क्वालिटी, अफोर्डेबल प्राइसिंग, और वर्सटाइल फ्रेगरेंस ऑप्शन के साथ, क्वालिटी से समझौता किए बगैर नौजवान आबादी के लिए प्रीमियम फ्रेगरेंस उपलब्ध कराना चाहते हैं। हम देश भर के बाज़ारों पर ध्यान दे रहे हैं क्योंकि हमने पाया है कि अफोर्डेबल प्रीमियम प्रोडक्ट की काफी डिमांड है। स्किन 24सेवन के तहत पेश फ्रेगरेंस कई तरह के इमोशन जगाते हैं। ओसियेनिक एंड साइट्रस नोट, अर्दी और वूडी एकॉर्ड के साथ मिलकर सहजता और सरलता का बोध कराते हैं। एम्बर एवं गोरमंड एक्सेंट के साथ ब्लेंडेड फ्लोरल एंड फ्रूटी नोट, खुशी और वार्म्थ की भावना जगाते हैं।

# जीआरएम ओवरसीज लिमिटेड ने 10एक्स उत्पादों के लिए नई पैकेजिंग लॉन्च की, सलमान खान होंगे ब्रांड का चेहरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जीआरएम ओवरसीज लिमिटेड, भारत में तेजी से बढ़ती एफएमसीजी कंपनी, ने अपने 10एक्स ब्रांड के उत्पादों के लिए नई पैकेजिंग पेश की है, जिसमें बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान का चेहरा होगा। यह कदम कंपनी के ब्रांड को अधिक लोगों तक पहुँचाने और ग्राहकों के साथ संबंध मजबूत करने की दिशा में है।

इस नई पैकेजिंग में सलमान खान को प्रमुखता से दिखाया जाएगा और इसे बासमती चावल, आटा और अन्य उत्पादों पर लागू किया जाएगा। नया डिजाइन




आधुनिक और आकर्षक है, जो 10एक्स ब्रांड की गुणवत्ता और प्रामाणिकता को दर्शाता है। यह पैकेजिंग ब्रांड की नई ऊर्जा को दिखाती है और उन उपभोक्ताओं को पसंद आएगी जो गुणवत्ता और विश्वसनीयता की मांग करते हैं। जीआरएम ओवरसीज के मैनेजिंग डायरेक्टर, अतुल गर्ग ने कहा, हम सलमान खान के साथ नई पैकेजिंग पेश करके बहुत खुश हैं। सलमान मजबूत और विश्वसनीय व्यक्तित्व वाले हैं और वे हमारे ब्रांड के लिए एकदम सही चेहरा हैं। यह नया पैकेजिंग डिजाइन हमारे उत्पादों की उच्च गुणवत्ता का वादा है। हमें लगता है कि सलमान खान की उपस्थिति उपभोक्ताओं के बीच हमारे ब्रांड को और लोकप्रिय बनाएगी।

# एयर इंडिया ने ए350 के साथ ग्लोबल ट्रैवल को और आगे बढ़ाया, प्रीमियम हवाई यात्रा के एक नए युग की शुरुआत

**मुंबई, एजेंसी।** एयर इंडिया ने हाल ही में अत्याधुनिक एयरबस ए350 की शुरुआत के साथ दिल्ली-लंदन मार्ग पर अपनी सेवा को बढ़ाया है। एयरलाइन इस सेवा को अमेरिका और अन्य अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों तक विस्तारित करने की योजना बना रही है। यह विहान.एआई पहल के तहत एयरलाइन में चल रही बदलाव की प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य लंबी दूरी के सभी मार्गों पर यात्री अनुभव को और बेहतर बनाना है। एयर इंडिया के प्रमुख वाहक ए350 में एक नया थ्री क्लास केबिन कॉन्फ़िगरेशन शामिल है, जिसमें बिजनेस में फुल-फ्लैट बेड के साथ 28 प्राइवेट सुइट्स, अतिरिक्त लेगरूम के साथ डेडिकेटेड प्रीमियम इकोनॉमी केबिन में 24 सीटें और इकोनॉमी में 264 नवीनतम पीढ़ी की सीटें शामिल हैं।

ए350 की सभी सीटों पर नवीनतम पीढ़ी का पैनासोनिक द्गङ्3 इन-फ़्लाइट एंटरटेनमेंट सिस्टम और ॥ष्ठ स्क्रीन हैं, जो 13




अंतर्राष्ट्रीय और 8 भारतीय क्षेत्रीय भाषाओं में दुनिया भर से 3000 घंटे से ज़्यादा मनोरंजन सामग्री प्रदान करते हैं। इसमें बच्चों के लिए 100+ घंटे की सामग्री के लिए एक विशिष्ट श्रेणी है, इसके लिए जल्द ही ऑन-बोर्ड वाई-फ़ाई* की सुविधा भी मिलेगी। बिज़नेस और प्रीमियम इकोनॉमी में मेहमान फेरागामो और ञ्जस्ह्व द्वारा विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए अपडेटेड एमेनिटी किट का भी आनंद लेंगे, साथ ही एयर इंडिया के नए सॉफ्ट उत्पाद - विस्टा वर्व - जिसमें नए चाइनावेयर, टेबलवेयर, ग्लासवेयर और बिस्तर शामिल हैं।

भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों तरह के स्वाद को ध्यान में रखते हुए, मेहमानों को शानदार और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध भोजन अनुभव के लिए भारत से प्रेरित डिज़ाइन के साथ चाइनावेयर के एक बेहतरीन संग्रह में स्वादिष्ट व्यंजन परोसे जाएँगे। इसके अलावा, अपने पुराने बेड़े को अपग्रेड करने के लिए, एयर इंडिया ने अपने 320ठ्ठश्च से शुरू करते हुए अपने रिफ़िट प्रोग्राम की शुरुआत की है, जिसे आधुनिक तीन-केबिन कॉन्फ़िगरेशन में बदल दिया जाएगा। इस रिफ़िट में 8 शानदार बिज़नेस क्लास सीटें, प्रीमियम इकोनॉमी में 24 अतिरिक्त लेगरूम सीटें और ए320एनइओ में 132 आरामदायक इकोनॉमी क्लास सीटें शामिल होंगी।

## भारत-बांग्लादेश दूसरा टेस्ट

# बांग्लादेश पर दबदबा कायम रखने उतरेगा भारत

**कानपुर (एजेंसी)।** कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली से बड़ी पारी की उम्मीद कर रहा भारत शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश पर अपना दबदबा कायम रखते हुए दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगा। भारत ने चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट मैच में रविचंद्रन अश्विन के ऑलराउंड खेल, शुभमन गिल के शतक, रविंद्र जडेजा की अच्छी बल्लेबाजी तथा ऋषभ पंत के वापसी पर किए गए शानदार प्रदर्शन की मदद से बड़ी जीत हासिल की थी।




बांग्लादेश के तेज गेंदबाजों ने पहले दिन भारत पर दबाव बना दिया था लेकिन रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने जिस तरह से वापसी की उससे उसका विशेष कर घरेलू मैदानों पर टेस्ट क्रिकेट में दबदबे का पता चलता है। भारत की निगाह अब स्वदेश में लगातार 18वीं श्रृंखला जीतने पर टिकी हैं। पंत ने सीमित ओवरों की क्रिकेट में सफल वापसी के बाद टेस्ट क्रिकेट में भी अपना जलवा दिखाया। उन्हें खेलते हुए देखकर लगता है कि उन्होंने अपने खेल में नए आयाम जोड़े हैं क्योंकि जरुरत पड़ने पर उन्होंने अपने आक्रामक रवैए पर लगाम भी लगाई। लेकिन पहले टेस्ट मैच में रोहित और विराट का बल्ला खामोश रहा।

पहले टेस्ट में बांग्लादेश के तेज गेंदबाजों हसन महमूद और तस्कीन अहमद ने अनुकूल पिच पर अच्छी गेंदबाजी की थी। भारत का टेस्ट क्रिकेट में आगे का कार्यक्रम काफी व्यस्त है और ऐसे में रोहित और कोहली यहां बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे। ग्रीन पार्क के विकेट से स्पिनरों को मदद मिलती रही है। भले ही इसमें शुरू तेज गेंदबाजों को कुछ मदद मिलने की उम्मीद है लेकिन खेल आगे बढ़ाने के साथ इसकी प्रकृति में बदलाव होने की संभावना है। ऐसे में भारत तीन तेज गेंदबाजों के बजाय तीन स्पिनरों को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है। ऐसी स्थिति में आकाशदीप की जगह कुलदीप यादव को मिल सकती है जिनका यह घरेलू मैदान है।

भारत अगर बल्लेबाजी को अधिक मजबूत करना चाहेगा तो फिर अक्षर पटेल को कुलदीप पर प्राथमिकता मिल सकती है। ग्रीन पार्क में इससे पहले 2021 में जो अंतिम टेस्ट मैच खेला गया था उसमें भारत तीन स्पिनर अश्विन, जडेजा और अक्षर के साथ उतरा था। न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला गया यह मैच ड्रॉ रहा था। जहां तक बांग्लादेश की बात है तो पहले टेस्ट मैच में उसके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे जिसे देखते हुए वह अपनी टीम में बदलाव कर सकता है। उसके बल्लेबाज पहली पारी में भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने नहीं चल पाए थे जबकि दूसरी पारी में अश्विन की फिरकी का उनके पास कोई जवाब नहीं था।

शाकिब अल हसन की उपलब्धता पर टीम प्रबंधन ने विरोधाभासी बयान दिए हैं। जहां बांग्लादेश के एक चयनकर्ता ने कहा था कि चेन्नई में बल्लेबाजी करते समय लगी उंगली की चोट के कारण उनका चयन संदिग्ध है, वहीं मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघे ने कहा कि यह स्टार ऑलराउंडर खेलने के लिए उपलब्ध है। बांग्लादेश तेज गेंदबाज नाहिद राणा की जगह बाएं हाथ के स्पिनर ताईजुल इस्लाम को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है। उसके पास ऑफ स्पिनर नईम हसन के रूप में एक अन्य विकल्प है।

### संभावित प्लेइंग 11

**भारत** – रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा, रविचंद्रन अश्विन, जसप्रित बुमरा/कुलदीप यादव, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज।

**बांग्लादेश** – शादमान इस्लाम, जाकिर हसन, नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिट्टन दास (विकेटकीपर), मेहदी हसन मिराज, तस्कीन अहमद, हसन महमूद, नाहिद राणा।

**समय** – सुबह 9.30 बजे।

**जडेजा की रिकॉर्ड पर नजरें** – भारतीय ऑलराउंडर जडेजा इस मैच में 300 विकेट और 3000 रन का अनोखा डबल बनाने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं। उन्होंने अभी तक 73 टेस्ट मैच में 299 विकेट और 3122 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के इयान बॉथम ने 72 टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की थी और जडेजा के पास उनके बाद सबसे कम मैच में इस मुकाम पर पहुंचने का मौका है।

# शाकिब अल हसन ने टेस्ट और टी20 से लिया संन्यास

### भारत के साथ मैच से पूर्व लिया फैसला

**कानपुर (एजेंसी)।** बंगलादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने कानपुर में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से टी-20 और टेस्ट मैच से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। कानपुर टेस्ट से पहले संवाददाता सम्मेलन में शाकिब ने कहा, 'मैं दक्षिण अफ्रीका सीरीज के लिए उपलब्ध हूं, लेकिन वहां हमारे देश में बहुत कुछ हो रहा है। इसलिए बहुत कुछ मुझ पर निर्भर नहीं करता है। मैंने बीसीबी के साथ टेस्ट क्रिकेट की अपनी भविष्य पर चर्चा की है। यह मेरा आखिरी टेस्ट श्रृंखला हो सकती है। हां, अगर अवसर मिलता तो मैं मीरपुर में अपना आखिरी टेस्ट खेलना चाहूंगा।



उन्होंने कहा, बोर्ड भी यह सुनिश्चित करने का पूरी प्रयास कर रहा है कि मैं वहां खेल सकूं और सुरक्षित रहूं। इसके अलावा अगर कभी आवश्यक हो तो मैं देश से बाहर भी निकल सकूं। ऐसे में अगर वह मीरपुर टेस्ट नहीं ले पाते है तो कानपुर टेस्ट उनका आखिरी टेस्ट मैच होगा। उन्होंने इस साल जून में हुए टी-20 विश्वकप के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ आखीरी टी-20 मैच खेला था। उन्होंने कहा, 'मैं बंगलादेश का नागरिक हूं, इसलिए बंगलादेश वापस जाने में मुझे कोई समस्या नहीं होगी। लेकिन वहां पर अपनी सुरक्षा के लिए मैं और मेरा परिवार चिंतित है। मुझे उम्मीद है कि चीजे बेहतर होंगी और इसका कुछ उपाय होना ही चाहिए।

उल्लेखनीय है कि बंगलादेश घरेलू जमीं पर अगली टेस्ट श्रृंखला दक्षिण अफ्रीका के सात अक्तूबर में होगी। शाकिब ने अब तक 70 टेस्ट मैच में 4600 रन बनाये और 242 विकेट लिए हैं। इसके अलावा उनके नाम 7570 एकदिवसीय रन और 317 विकेट है। उन्होंने 129 टी-20 में 2552 रन तथा 149 विकेट लिये हैं। वह वर्तमान समय में तीनों प्रारूपों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर्स में एक माने जाते हैं।

# काश वह ऑस्ट्रेलियाई होता, मिशेल मार्श ने इस भारतीय विकेटकीपर पंत की जमकर तारीफ की

**मुंबई (एजेंसी)।** ऋषभ पंत की क्रिकेट में बेहतरीन वापसी से मिशेल मार्श इतने प्रभावित हुए कि इस ऑलराउंडर ने उन्हें 'शानदार खिलाड़ी' करार दिया और कहा कि काश वह ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते। इस साल की शुरुआत में सीमित ओवरों के प्रारूप के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के बाद पंत ने हाल ही में चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक लगाकर लाल गेंद के प्रारूप में भी शानदार वापसी की। वर्ष 2022 में हुई भयानक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पंत की वापसी के बारे में बात करते हुए मार्श भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज की सकारात्मकता, प्रतिस्पर्धात्मकता और जीतने की भूख से प्रभावित थे। मार्श ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, 'वह एक शानदार खिलाड़ी है। काश वह ऑस्ट्रेलियाई होता। पिछले कुछ वर्षों में वह निश्चित रूप से बहुत कुछ झेल चुका है और यह एक शानदार वापसी रही है। उन्होंने कहा, ''वह एक सकारात्मक व्यक्ति है, अब भी बहुत युवा है और उसे जीतना बहुत पसंद है। वह अत्यधिक प्रतिस्पर्धी है, जिसका व्यक्तित्व शांत रहने वाला और हमेशा हंसने और मुस्कुराने वाला है। उसके पास वह बड़ी मुस्कान है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली आगामी पांच टेस्ट मैचों की बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान पंत के भारतीय बल्लेबाजी क्रम का अहम हिस्सा होने की उम्मीद है।



### भारतीय सहायक कोच नायर बोले-

# पिच और परिस्थितियां देखकर तय की जाती है प्लेइंग 11

**कानपुर (एजेंसी)।** भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच के लिए अपनी अंतिम एकादश को लेकर कोई फैसला नहीं किया है और टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर ने कहा कि मैच की सुबह पिच और परिस्थितियों को देखकर टीम का चयन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ ने इस मैच के लिए दो पिच तैयार की हैं।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैच की पूर्व संध्या पर दोनों पिच का निरीक्षण किया। मैच के पहले दिन बारिश की भविष्यवाणी भी की गई है। भारत चेन्नई में पिछले टेस्ट मैच में दो स्पिनर और तीन तेज गेंदबाजों के साथ खेला था। अगर भारत यहां तीन स्पिनर के साथ खेलता है तो फिर अक्षर पटेल या कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में जगह मिलेगी।

नायर ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि किस पिच पर मैच खेला जाएगा। दोनों पिच अच्छी दिख रही है। कानपुर को अच्छी पिच तैयार करने के लिए जाना जाता है। अभी मुझे नहीं पता कि इससे उछाल मिलेगी या नहीं। उन्होंने कहा, 'परिस्थितियां और बारिश की भविष्यवाणी को देखते हुए यह दिलचस्प होने जा रहा है। हमें सुबह की परिस्थितियों पर गौर करना होगा। इस पर काफी कुछ निर्भर करता है क्योंकि टेस्ट क्रिकेट में परिस्थितियां और पिच की प्रकृति काफी मायने रखती है।



केएल राहुल काफी समय से टीम में हैं लेकिन वह टेस्ट टीम में अभी तक अपनी जगह पक्की नहीं कर पाए हैं। उन्होंने अभी तक 51 टेस्ट मैच में 34.12 की औसत से 2901 रन बनाए हैं। नायर ने कहा, 'मुझे लगता है कि राहुल अपने खेल को अच्छी तरह से समझते हैं। दक्षिण अफ्रीका में उन्होंने महत्वपूर्ण पारियां खेली थी। हमें पूरा विश्वास है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। गौतम और मैं जिस तरह का संयोजन चाहते हैं, उम्मीद है कि हम उसमें राहुल से भी अच्छा प्रदर्शन करवाने में सफल रहेंगे।

भारतीय टीम का क्षेत्ररक्षण शानदार रहा है तथा नायर ने कहा कि उन्होंने कुछ विशेष नहीं किया है लेकिन फिटनेस के प्रति जागरूकता ने खेल को बदला है। उन्होंने कहा, 'हमने बहुत कुछ लागू नहीं किया है। विराट कोहली ने जब टीम की कमान संभाली थी तो फिटनेस पर जोर दिया गया जिसका फील्डिंग पर सीधा प्रभाव पड़ा। अगर आप भारत के संपूर्ण क्रिकेट पर गौर करो, यहां तक की आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में भी आप पाएंगे कि क्षेत्ररक्षण में काफी सुधार हुआ है।

भारत ने किसी खिलाड़ी को उप कप्तान नियुक्त नहीं किया है और नायर ने कहा कि इसकी जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, 'इस टीम में कई कप्तान हैं। हमारे युवा खिलाड़ियों की सोच सीनियर खिलाड़ियों की तरह है तथा जब ड्रेसिंग रूम में विराट और रोहित जैसे खिलाड़ी होते हैं तो फिर सीखने की प्रक्रिया में भी तेजी आती है।

# 56 साल की बॉडी बिल्डर मेरी अब्बाडो , इतिहास बनाने की राह पर

**यूएस (एजेंसी)।** मेरी अब्बाडो मास्टर्स ओलंपिया में सबसे उम्रदराज महिला बॉडी बिल्डर के तौर पर शामिल होने जा रही है।अमेरिकी-क्रोएशियाई मेरी ने अगले साल अगस्त में जापान के टोक्यो में होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेना है।अमेरिकी-क्रोएशियाई बॉडी बिल्डर प्रतियोगिता होने तक 57 वर्ष की हो जाएगी।मेरी अब्बाडो नैशविले फिट शो में अपने सुंदर शरीर का प्रदर्शन कर मास्टर क्लास जीत चुकी है।साल 2022 में मेरी अब्बाडो ने मास्टर बिकिनी वर्ल्ड चैम्पियन खिताब भी जीता।अब्बादो ने 40 की उम्र पार कर चुकी महिलाओं से प्रतिस्पर्धा के बावजूद यह उपलब्धि हासिल की है।2011 में 43 वर्ष की उम्र में हिस्टेरेक्टॉमी के बाद मेरी अब्बाडो ने वर्कआउट करना शुरू किया।फिटनेस के प्रति जुनूनी होने के बाद, उन्होंने वर्कआउट साझा करने के लिए फेसबुक पेज बनाया।अब्बाडो जल्द ही एक प्रमाणित निजी प्रशिक्षक बन गईं। वह बिकनी बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिताओं भी लड़ती रही।मेरी अब्बाडो ने कहा- वह बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिताओं के बारे में नहीं जानती थी। उनके पास कोच भी नहीं था।मेरी ने कहा- मैंने सारी जानकारी, आहार, प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा के लिए आवश्यक अन्य चीजों के बारे में ऑनलाइन जानकारी ली।



# विराट–रोहित का घरेलू क्रिकेट न खेलना भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा नहीं –संजय मांजरेकर

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना ??है कि दलीप ट्रॉफी के लिए विराट कोहली और रोहित शर्मा को नहीं चुनने का फैसला एक बार अच्छा नहीं था। मांजरेकर का मानना ??है कि अगर स्टार जोड़ी ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में कुछ लाल गेंद वाला क्रिकेट खेला होता, तो उनके लिए चीजें अलग हो सकती थीं। चेन्नई के एमए चिदम्बरम स्टेडियम में भारत ने बांग्लादेश को 280 रनों से हरा दिया। मैच में रोहित और कोहली बड़ा स्कोर नहीं बना पाए। रोहित ने 6 और पांच का स्कोर बनाया तो कोहली ने 6 और 17 रन। बहरहाल, मांजरेकर ने कहा कि दलीप ट्रॉफी के लिए रोहित और कोहली को नहीं चुनने के फैसले के कारण एक चाल चूक गई। उन्होंने कहा कि मैं चिंतित नहीं हूं, लेकिन मुझे यकीन है कि किसी ने इस तथ्य पर ध्यान दिया होगा कि अगर उन्होंने कुछ रेड-बॉल क्रिकेट खेला होता तो वे बेहतर होते। उन्हें दलीप ट्रॉफी में चुनने का विकल्प था। इसलिए एक है कुछ खिलाड़ियों के साथ अलग व्यवहार करने के बारे में सावधान रहना और वही करना जो भारतीय क्रिकेट और खिलाड़ी के लिए सबसे अच्छा हो।

### महिला टी-20 वर्ल्ड कप

# दुबई पहुंचे राणा दग्गुबाती, भारतीय महिलाओं का किया स्वागत

**यूएई (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम टी20 विश्व कप 2024 के लिए दुबई पहुंच चुकी है जहां उनका अभिनेता राणा दग्गुबाती ने विशेष स्वागत किया, जिन्होंने बाहुबली, गाजी अटैक और अन्य जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में अभिनय किया है। हवाई अड्डे पर आशा शोभना, श्रेयंका पाटिल, सजीवन सजना, स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, दीप्ति शर्मा और अन्य मौजूद थे। क्रिकेटरों ने अभिनेता के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई।




कप्तान हरमनप्रीत ने कहा था कि मौजूदा टीम टी20 विश्व कप के सभी संस्करणों में भारत की सर्वश्रेष्ठ टीम है। उन्होंने कहा कि अपने अनुभव के साथ, महिलाओं को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मेगा इवेंट में उम्मीदों पर खरा उतरने में सक्षम होना चाहिए। अगर मैं इस टीम के बारे में बात करूं तो हमारे पास कुछ खिलाड़ी हैं जो लंबे समय से खेल रहे हैं, और वे अपनी भूमिकाओं को अच्छी तरह से जानते हैं। मैं कह सकता हूं कि यह सर्वश्रेष्ठ टीम है जिसके साथ हम टी20 विश्व कप के लिए जा रहे हैं।

हरमन बोलीं- हमारी टीम में पूजा (वस्त्राकर) अच्छा कर रही है और रेणुका (सिंह) उसका बहुत अच्छा समर्थन कर रही है। वह (रेणुका) ऐसी व्यक्ति है जो हमेशा हमें सफलता दिलाती है। अरुंधति (रेड्डी) वह खिलाड़ी है जो टीम के लिए कुछ ओवर फेंक सकती है। मैं अपनी गेंदबाजी लाइन-अप की तुलना अन्य टीमों से नहीं कर सकता क्योंकि हर टीम की अपनी सकारात्मक और नकारात्मक बातें होती हैं, लेकिन मुझे अपनी टीम पर पूरा भरोसा है। मैं जानती हूं कि वे क्या कर रहे हैं और क्या करने में सक्षम हैं।

# अगर बाबर इस्तीफा नहीं देते, तो उन्हें बर्खास्त कर दिया जाएगा, कप्तानी पर अहमद शहजाद का दावा

**करांची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज अहमद शहजाद ने दावा किया है कि बाबर आजम द्वारा आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 तक पाकिस्तान की कप्तानी करने की खबरें झूठी हैं। सितंबर में पाकिस्तान की कप्तानी में बदलाव की चर्चा तब से हो रही है, जब से ऐसी खबरें आने लगी थीं कि बाबर के व्हाइट-बॉल कप्तान के रूप में कार्यकाल समाप्त हो गया है। मोहम्मद रिजवान को सीमित ओवरों के प्रारूप में बाबर का उत्तराधिकारी माना जा रहा था। लेकिन, हाल ही में बाबर के पक्ष में रुख बदलने लगा, जब पता चला कि बाबर व्हाइट-बॉल कप्तानी बरकरार रखेंगे। हालांकि शहजाद ने दावा किया है कि बाबर के कप्तानी बरकरार रखने की हालिया खबरें झूठी हैं।



सूत्रों ने उन्हें यह भी बताया कि अगर बाबर अपनी कप्तानी नहीं सौंपते हैं, तो उन्हें पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा बर्खास्त कर दिया जाएगा। शहजाद ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, यह गलत है। यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि बैठक कप्तानी या केंद्रीय अनुबंधों से संबंधित नहीं थी। लोग कह रहे हैं कि बाबर को चैंपियंस ट्रॉफी तक कप्तानी सौंपी गई है। हमारे सूत्रों का कहना है कि यह गलत है। खबर झूठी है। हमें पता चला है कि अगर बाबर खुद अपना इस्तीफा नहीं देते हैं, तो उन्हें बर्खास्त कर दिया जाएगा। गैरी कर्स्टन ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बड़े बदलावों की मांग की है। मुझे लगता है कि यही आगे बढ़ने का रास्ता है।

2019 में पहली बार बाबर को कप्तान नियुक्त करने के बाद से पाकिस्तान ने अभी तक कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीता है। पिछले साल बाबर की कप्तानी में पाकिस्तान सुपर 4 में श्रीलंका द्वारा कोलंबो में दो विकेट से हारने के बाद एशिया कप से बाहर हो गया था। कुछ महीने बाद पाकिस्तान का संघर्षपूर्ण प्रदर्शन जारी रहा और वे भारत में एकदिवसीय विश्व कप के नॉकआउट चरण में पहुंचने में विफल रहे। मार्की इवेंट के समापन के बाद बाबर ने सभी प्रारूपों की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया। शाहीन शाह अफरीदी ने टी20 कप्तान का पद संभाला, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ सिर्फ एक सीरीज के बाद उन्हें हटा दिया गया, जिसमें पाकिस्तान 4-1 से हार गया।

बाबर को फिर से सफेद गेंद की कप्तानी सौंपी गई और शान मसूद ने टेस्ट कप्तानी बरकरार रखी। टी20 विश्व कप में एक बार फिर पाकिस्तान का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वे न्यूयॉर्क में एक मुश्किल सतह पर सह-मेजबान यूएसए के खिलाफ अपना पहला टी20 मुकाबला हार गए। यह आश्चर्यजनक हार महत्वपूर्ण साबित हुई क्योंकि उनका अभियान ग्रुप चरण में ही समाप्त हो गया।

# भारत के खिलाफ माइंड गेम खेल रहा है ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली का बड़ा बयान




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली का मानना ??है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी भारत के खिलाफ बहुप्रतीक्षित बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज से पहले 'माइंड गेम' खेल रहे हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच प्रतिद्वंद्विता को लेकर उत्साह की लहर शुरू हो गई है क्योंकि सीरीज नवंबर में शुरू होने वाली है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने कप्तान रोहित शर्मा, दिग्गज विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह से आगे ऋषभ पंत को बल्लेबाज के रूप में चुना है। कमिंस ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, वह ऐसा खिलाड़ी है जिसने कुछ सीरीज में बड़ा प्रभाव डाला है और हमें उसे शांत रखने की कोशिश करनी होगी। इस पर बासित अली का मानना ??है कि ऑस्ट्रेलिया माइंड गेम खेल रहा है और भारत की अनुभवी तिकड़ी उनके विचारों में रहेगी। बासित ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, वे माइंड गेम खेल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, रोहित शर्मा और विराट कोहली से डरेगा। पंत ने हाल ही में रन बनाए हैं। वे माइंड गेम खेल रहे हैं। वे पंत को निशाना बनाने की कोशिश कर रहे हैं। यह उनकी मानसिकता है। वे कुछ और दिखा रहे हैं और दूसरी चीजों के बारे में सोच रहे हैं।

# महिला टी20 विश्व कप जीतने के प्रबल दावेदारों में भारत : पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान लीजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान लीजा स्थालेकर का मानना है कि भारत आगामी महिला टी20 विश्व कप में अंतिम चार में पहुंच सकता है बशर्ते उसके सलामी बल्लेबाज और गेंदबाज अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन करें। भारतीय मूल की इस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग में एबीसी-इंटरनेशनल डेवलपमेंट के पांच दिवसीय क्रिकेट कमेंट्री और मोजो कार्यक्रम में कहा, ऑस्ट्रेलियाई टीम सेमीफाइनल में होगी जिसका लक्ष्य लगातार चौथी बार खिताब जीतना है। इंग्लैंड की तैयारियां भी पुख्ता है । जहां तक भारत की बात है तो मुझे उम्मीद है कि वे सेमीफाइनल में जरूर पहुंचेंगे।

उन्होंने आनलाइन बातचीत में कहा, भारत के पास गहराई और अच्छे गेंदबाज हैं और यदि उनके चौथे से सातवें नंबर के बल्लेबाज अच्छे स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं तो उनकी स्थिति काफी मजबूत होगी। उन्हें सलामी बल्लेबाजों से अच्छी शुरुआत की जरूरत है। जेमिमा रौड्रिग्स ने हाल ही में वेस्टइंडीज (सीपीएल में) में अच्छा प्रदर्शन किया। यह देखना दिलचस्प होगा कि वह टी20 विश्व कप में कैसा प्रदर्शन करती हैं।



2009 में टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से भारत केवल एक बार 2020 में फाइनल में पहुंचने में सफल रहा है लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने उसे हरा दिया था। भारत ने 2017 में महिला वनडे विश्व कप का फाइनल भी खेला है। टूर्नामेंट का नौवां संस्करण तीन अक्टूबर से संयुक्त अरब अमीरात में खेला जाएगा। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चार टीमों की भविष्यवाणी करने के लिए पूछे जाने पर उन्होंने कहा, दक्षिण अफ्रीका 2023 में फाइनलिस्ट था और मुझे लगता है कि वेस्टइंडीज भी अंतिम चार में पहुंच सकता है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम द्वारा 2013 महिला विश्व कप जीतने के एक दिन बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाली स्थालेकर ने कहा कि हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ट्रॉफी जीतने में सक्षम है क्योंकि टी20 क्रिकेट में एक अच्छा स्पैल पासा पलट सकता है। उन्होंने कहा, टी20 क्रिकेट की सबसे अच्छी बात यह है कि इसमें कुछ भी संभव है। किसी का दिन खराब हो सकता है या कोई और बेहतरीन गेंदबाजी कर सकता है। उदाहरण के लिए 2020 के टी20 विश्व कप में पूनम यादव ने पहले मैच में चार विकेट लिए और ऑस्ट्रेलियाई मध्य क्रम को तहस-नहस कर दिया। भारत ने वह मैच 17 रन से जीता था। अगर कोई शीर्ष क्रम का भारतीय बल्लेबाज शतक बनाता है या गेंदबाजों का दिन अच्छा होता है, तो वे किसी को भी हरा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार



## 4 माह में ही मुख्यमंत्री नायडू से कांग्रेस मांग रही चुनावी घोषणाओं का हिसाब-किताब

**विजयवाड़ा, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू से उनके चुनावी वादों का हिसाब-किताब मांगा जा रहा है। आंध्र प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष वाई एस शर्मिला ने बुधवार को टीडीपी के नेतृत्व वाली सरकार से 2024 के विधानसभा चुनावों से पहले किए गए अपने सुपर सिक्स वादों की स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है। लोकसभा चुनावों के साथ हुए विधानसभा चुनाव में शर्मिला के भाई जगन मोहन रेड्डी की वायएसआर कांग्रेस की हार हो गई थी, जिसके बाद उनकी सरकार चली गई थी। इसके बाद जून में चंद्रबाबू नायडू की अगुवाई में राज्य में एनडीए की सरकार बनी, जिसमें पवन कल्याण उप मुख्यमंत्री हैं। इस सरकार को अभी चार महीने भी नहीं हुए हैं लेकिन प्रदेश कांग्रेस टीडीपी पर हमलावर हो गई है। शर्मिला ने नायडू के सुपर सिक्स योजनाओं पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग तिरुपति मंदिर लड्डू विवाद के बीच की है, जिसमें उनके भाई जगनमोहन रेड्डी निशाने पर हैं। वाई एस शर्मिला ने बुधवार को विजयवाड़ा के धरना चौक पर थाली बजाओ विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कहा, लोगों ने आपको इस उम्मीद में वोट दिया था कि आप अच्छा करेंगे। लेकिन यह एक अच्छी सरकार नहीं निकली, बल्कि एक ऐसी सरकार है जो (लोगों को) डुबो रही है। आप सुपर सिक्स को कब लागू करेंगे? इस पर एक श्वेत पत्र जारी करें। बता दें कि सुपर सिक्स योजनाओं में 19 से 59 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं को 1,500 रुपये मासिक पेंशन, युवाओं के लिए 20 लाख नौकरियां या 3,000 रुपये मासिक बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा भी शामिल हैं। राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए विपक्षी नेता ने मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू से जानना चाहा कि उनकी सरकार किस मायने में लोगों के लिए अच्छी है, जब तीन लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार के पास बेरोजगारी के मुद्दे को हल करने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कई अन्य चुनावी वादे अभी पूरे होने बाकी हैं। उन्होंने बाढ़ राहत को केवल चार लाख लोगों तक सीमित रखने के लिए भी मुख्यमंत्री पर सवाल उठाया। कांग्रेस नेता ने सरकार बनने के 100 दिन बाद भी बजट पेश करने में विफल रहने के लिए नायडू सरकार की आलोचना की। उन्होंने बाढ़ राहत को केवल चार लाख लोगों तक सीमित करने पर भी मुख्यमंत्री से प्रश्न किया।-

## रेत माफियाओं ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, वर्दी भी फाड़ दी, छत्तीसगढ़ में वन विभाग की टीम पर हमला



**कवर्धा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में रेत माफियाओं के दुस्साहस का एक मामला सामने आया है। यहां रेत चोरी रोकने गई वन विभाग की टीम में शामिल कर्मचारियों को दौड़-दौड़ाकर पीटा गया। इस घटना में चार कर्मचारी घायल हो गए। छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में रेत चोरी रोकने गई वन विकास निगम की टीम पर जानलेवा हमला किया गया, जिसमें एक अधिकारी समेत चार लोग घायल हो गए। मुखबिर से मंगलवार देर रात ग्राम डालामौहा के कुदूर झोरी नाला से रेत निकालकर वाहनों से ढोने की सूचना मिली थी। इस पर वन विकास निगम का अमला मौके पर पहुंचा, जिन्हें रेत माफियाओं ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और वर्दी भी फाड़ दी। हमले में एक अफसर का सिर फूटा है। चारों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना कुकदूर थाना क्षेत्र का है।

# भाजपा नायब सिंह सैनी का दिखा रही क्रेज और मनोहर खट्टर से परहेज, मोदी की रैलियों से दूर

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की रणनीति इस बार कुछ बदली हुई नजर आ रही है। पार्टी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लिए क्रेज दिखा रही है। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से परहेज कर रही है। हरियाणा में पीएम मोदी की दोनों रैलियों से खट्टर को दूर रखा जाना कुछ ऐसा ही संकेत दे रहा है। जानकारों के मुताबिक इसके पीछे की रणनीति बेहद खास है। पार्टी को लगता है कि खट्टर को लेकर फैली निगेटिविटी नुकसानदेह हो सकती है। वहीं, सीएम सैनी हरियाणा में बड़े ओबीसी वोट बैंक को लुभाने में अहम फैक्टर हो सकते हैं। अभी तक पीएम मोदी हरियाणा में दो चुनावी रैलियों को संबोधित कर चुके हैं। पहले 14 सितंबर को कुरुक्षेत्र में और कल यानी बुधवार को सोनीपत में। दोनों ही रैलियों



में मनोहर लाल खट्टर नजर नहीं आए। 90 विधानसभा सीटों वाले हरियाणा में पांच अक्टूबर को मतदान होना है। इस विधानसभा चुनाव में भी भाजपा सैनी को ही सीएम फेस बनाकर मैदान में उतर रही है। मनोहर लाल खट्टर को लेकर भाजपा की क्या रणनीति है, इस बारे में भाजपा नेताओं ने संकेत दिया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि पार्टी खट्टर को फैली नकारात्मकता से बचने के लिए ऐसा कर रही है। हरियाणा में तीसरी बार सत्ता हासिल करने के लिए भाजपा पूरा जोर लगा रही है। द ट्रिब्यून के मुताबिक नाम न छापने की शर्त पर भाजपा नेताओं ने इस बारे में बताया। उनके मुताबिक पार्टी को लगता है कि गैर जाट, पिछड़े और पंजाबी वोटों के दम पर भाजपा हरियाणा में 2014 और 2019 का जादू दोहरा सकती है। वहीं, एक अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता ने मोदी की रैली से खट्टर की गैरमौजूदगी को पार्टी का स्मार्ट मूव बताया। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से सत्ताविरोधी लहर का खतरा कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सोनीपत में खट्टर की रहने का कोई मतलब नहीं था। इस भाजपा नेता के मुताबिक जाट बहुत इलाके में उनकी मौजूदगी से पार्टी को नुकसान हो सकता था। मोदी ने 14 सितंबर को भाजपा का गढ़ माने जाने वाले जीटी रोड क्षेत्र में कुरुक्षेत्र से पार्टी के प्रचार अभियान की शुरुआत की थी। पड़ोसी सीट करनाल से सांसद होने के बावजूद खट्टर की गैरमौजूदगी से कई सवाल उठे थे। बताया यह भी जा रहा है कि भाजपा ने खट्टर से पूरी तरह से दूरी नहीं बनाई है। वह उनका सोच-समझकर इस्तेमाल कर रही है।

## सिकंदराबाद-नागपुर वंदे भारत की सफर में सन्नाटा, नहीं मिल रहे यात्री, 80 प्रतिशत सीटें रहीं खाली

**हैदराबाद, एजेंसी।** देश की सबसे लोकप्रिय ट्रेन वंदे भारत आए दिनों सुर्खियों में रहती है। इस ट्रेन को लेकर रेलवे भी काफी उत्साहित है। रेलवे द्वारा इस ट्रेन का परिचालन अलग-अलग रूटों पर किया जा रहा है। अलग-अलग रूटों पर इस ट्रेन के चलने से यात्रियों में भी एक नया जोश है। ज्यादातर वंदे भारत ट्रेनें अपने सफर में फुल रहती हैं लेकिन हाल ही में शुरू की गई सिकंदराबाद-नागपुर वंदे भारत यात्रियों की कमी से जूझ रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रेन में 80प्रतिशत से ज्यादा सीटें खाली रह रही हैं, जिससे रेलवे अधिकारी हैरान हैं। यह तेलंगाना में पांचवीं वंदे भारत एक्सप्रेस है जिसे 16 सितंबर को विदर्भ और तेलंगाना के औद्योगिक केंद्रों जैसे रामागुंडम, काजीपेट और सिकंदराबाद को जोड़ने के लिए शुरू किया गया था। ट्रेन नंबर 20102 वंदे भारत एक्सप्रेस की 1,440 में से 1,200 सीटें खाली रह रही हैं जिससे इसकी ऑक्यूपेंसी सिर्फ 20त्न रह गई है। रविवार को ट्रेन के रवाना होने से कुछ घंटे पहले 1,200 सीटें खाली थीं। खास बात ये है कि एग्जीक्यूटिव क्लास की 88 सीटों में सिर्फ 10 पर ही लोगों ने बुकिंग की थी। इसके उलट हैदराबाद से बेंगलुरु चेन्नई और विशाखापत्तनम जाने वाली वंदे भारत ट्रेनों में भारी मांग देखी जा रही है, जहां इन रूट के ट्रेनों की ऑक्यूपेंसी 90प्रतिशत से 100प्रतिशत के बीच है। विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए तो सोमवार को टिकटें वेटिंग लिस्ट में थीं जिससे इन ट्रेनों की लोकप्रियता साफ दिखती है।

# मैं मुख्यमंत्री बनना चाहता हूं, पर डिप्टी सीएम से आगे ही नहीं बढ़ पा रहा: अजित पवार

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख अजित पवार ने सीएम बनने की इच्छा पर खुलकर बात की। एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री बनना चाहते थे, लेकिन बार-बार डिप्टी सीएम के पद पर अटक जाते हैं। इस दौरान उन्होंने महायुति यानी एनसीपी, भारतीय जनता पार्टी और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के बीच सीट शेयरिंग पर भी बात की।

एक कार्यक्रम में अजित पवार ने कहा, मैं मुख्यमंत्री बनना चाहता हूं, लेकिन मैं आगे नहीं बढ़ पा रहा हूं। मुझे मौका नहीं मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि एनसीपी के पास साल 2004 में मुख्यमंत्री बनाने का मौका था, लेकिन पार्टी ने इसे गंवा दिया। खास बात है कि 2004 में महाराष्ट्र के सीएम का पद कांग्रेस के खाते में आया था।

साल 2004 के विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में एनसीपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। उस दौरान पार्टी को 71 सीटें मिली थीं। जबकि, 69 सीटों पर जीत के साथ कांग्रेस दूसरे स्थान पर थी। तब कांग्रेस नेता विलासराव देशमुख को सीएम बनाया गया था। साल 2012 में देशमुख का निधन



हो गया था। कार्यक्रम में अजित ने बताया है कि साल 2019 में जिस पार्टी ने जितनी सीटें जीती थीं, उसके आधार पर सीट बंटवारा होगा। उन्होंने कहा, भाजपा ने जिन सीटों पर 2019 में जीत हासिल की थी, उनपर वह लड़ेगी। ऐसा ही एनसीपी और शिवसेना के लिए होगा। ऐसे में सीट शेयरिंग फॉर्मूला 200 सीटों पर साफ है। बची 88 सीटों को गठबंधन सहयोगियों में बांटा जाएगा। साल 2019 में अविभाजित एनसीपी ने कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। वहीं, भाजपा और तब अविभाजित शिवसेना साथ थे। 2019 में भाजपा ने 164 सीटों पर चुनाव लड़ा और 105 सीटें अपने नाम की थीं।

# हिमाचल में बाढ़ जैसे हालत, कई जिलों में रात से हो रही भारी बारिश

**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश में भीषण गर्मी के बाद अब जमकर बारिश देखने को मिली है। येलो अलर्ट के बीच कई जिलों में बीती रात से भारी वर्षा हो रही है। सबसे ज्यादा वर्षा सिरमौर जिला में हुई है। इसके अलावा चम्बा, हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा, ऊना और मंडी जिलों में भी झमाझम बारिश हुई है। सिरमौर जिला के विभिन्न हिस्सों में पिछले दो दिन से बादल बरस रहे हैं। लगातार हो रही वर्षा से जिले की नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है और बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। इसे देखते हुए आज तड़के श्री रेणुकाजी में गिरी नदी पर बने जतोन डैम के दो गेट खोलकर पानी की निकासी की गई। जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए नदी किनारे रह रहे लोगों को सचेत रहने के निर्देश दिए हैं।

**हिल्स स्टेशनों में हल्की ठंड:** मौसम के मिजाज बदलने से अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से गर्मी का असर कम हुआ है। मैदानी इलाकों में जहां मौसम सुहावना हो गया है, वहीं हिल्स स्टेशनों में सुबह-शाम हल्की ठंड महसूस की जा रही है। पिछले दिनों राज्य के कई भागों में गर्मी का रौद्र रूप देखने को मिला। शिमला में गर्मी ने पिछले तीन दशक के रिकॉर्ड तोड़ा, वहीं कांगड़ा सहित मैदानी हिस्सों में भी कई सालों बाद सितंबर में जबरदस्त गर्मी का प्रकोप रहा।

**किस दिन से मौसम होगा साफ:** मौसम विभाग के मुताबिक, 27 सितंबर से इसका



असर कम होगा। 27 से 29 सितंबर तक कहीं-कहीं हल्की वर्षा होने के आसार हैं। 30 सितंबर से मौसम साफ हो जाएगा। अक्टूबर के पहले हफ्ते मानसून के राज्य से विदा होने की संभावना है।

**मॉनसून सीजन में गई 333 लोगों की जान:** हिमाचल प्रदेश में मानसून ने 27 जून को दस्तक दी थी। इस बार मानसून की सामान्य से करीब 19 फीसदी कम बरसात हुई, लेकिन बादल फटने, बाढ़ आने व भूस्खलन से जगह-जगह तबाही देखने को मिली। मानसून सीजन में 202 घर, 67 दुकानें और 530 पशुशालाएँ पूर्ण रूप से ध्वस्त हुईं। 568 घरों को आंशिक तौर पर नुकसान हुआ। वर्षा से जुड़े हादसों में 333 लोगों की जान गई। इनमें सड़क हादसों में 150 लोग मारे गए। बादल फटने, बाढ़ व भूस्खलन की 98 घटनाएं हुईं, जिनमें 36 लोगों की मौत हुई और 33 अभी तक लापता हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक मानसून से राज्य में 1332 करोड़ का नुकसान पहुंचा है। लोकनिर्माण विभाग को सबसे ज्यादा 633 करोड़ का नुकसान हुआ। जलशक्ति विभाग को 513 करोड़ का नुकसान आंका गया है।

## नेतन्याहू ने युद्ध को लेकर वादा नहीं किया पूरा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** एक वर्ष पहले ही संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पश्चिम एशिया में एक नयी शांति व्यवस्था कायम होने का पूरे जोश के साथ दावा किया था किंतु एक साल बाद जब वह उसी मंच पर वापस आएंगे तो उनकी यह घोषणा उनकी इज्जत के साथ तार-तार होकर बिखरती प्रतीत हो रही है। गाजा में विनाशकारी युद्ध को एक साल होने वाला है। इजराइल ईरान समर्थित लेबनानी समूह हिजबुल्लाह के साथ एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध के मुहाने पर खड़ा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश अलग-थलग पड़ रहा है तथा उसका नेतृत्व एक कट्टर विचारधारा को समर्पित नेता कर रहा है, जिसके संघर्ष से निपटने के तौर-तरीकों को लेकर न सिर्फ दुनिया के अन्य देशों बल्कि उसके अपने देश में भी विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इजराइल सिर्फ क्षेत्रीय संघर्षों की वजह से ही प्रभावित नहीं है। नेतन्याहू जब न्यूयॉर्क की यात्रा पर होंगे तो उन पर इस बात की आशंका का सामना करना पड़ेगा कि अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी का वारंट जारी हो सकता है। इजरायल के विदेश मंत्रालय के पूर्व महानिदेशक और नेतन्याहू के मुखर आलोचक एलन लेल ने कहा, वह लगभग अवांछित व्यक्ति बनने की स्थिति में पहुंच गए हैं। वह संयुक्त राष्ट्र में अपने भाषणों के लिए जाने जाते हैं, लेकिन क्या इस साल कुछ अलग होगा? नेतन्याहू शुक्रवार को महासभा को संबोधित करने वाले हैं। जुलाई में, उन्होंने अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र के समक्ष गाजा में युद्ध के लिए इजराइल का पक्ष रखा।

# अब थाईलैंड में समलैंगिक जोड़े कर सकेंगे विवाह, सरकार ने बनाया कानून; बच्चा गोद लेने और विरासत का अधिकार मिला

**बैंकाक , एजेंसी।** थाईलैंड में समलैंगिक जोड़े अब विवाह के बंधन में बंध सकेंगे। दरअसल, मंगलवार को राजा महा वजीरालोंगकोर्ण की मंजूरी के बाद समलैंगिक विवाह अधिनियम अब कानून बन गया है। यह कानून अगले साल यानी 22 जनवरी 2025 से देश में लागू हो जाएगा।

कानून लागू होने के बाद देश में कोई भी समलैंगिक जोड़ा अपने विवाह का कानूनी तौर पर पंजीकरण करा सकता है। अब थाईलैंड एशिया में तीसरा और दक्षिण-पूर्व एशिया में समलैंगिक विवाह को मान्यता देने वाला पहला देश बन गया है।

विरासत और गोद लेने का मिला अधिकार अप्रैल में थाईलैंड की प्रतिनिधि सभा और जून में सीनेट में इस विधेयक को पारित किया गया था। अब राजा की मंजूरी के बाद कानून का रूप ले लिया है। कानून में समलैंगिक विवाह को मान्यता, वित्तीय और चिकित्सा अधिकार प्रदान करने का प्रावधान है। समलैंगिक जोड़े बच्चे गोद ले सकेंगे। उन्हें विरासत का




अधिकार भी मिल गया है। वहीं अब दस्तावेजों में लिंग की जगह स्त्री-पुरुष और पति-पत्नी के स्थान पर लिंग तटस्थ शब्दों का इस्तेमाल किया जाएगा। सबसे पहले 2021 में नीदरलैंड ने समलैंगिक विवाह को मान्यता दी थी। मौजूदा समय में दुनिया के 30 से अधिक देशों में समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता मिल चुकी है। अगर एशिया की बात करें तो ताइवान और नेपाल के बाद थाईलैंड ऐसा करने वाला तीसरा देश बना है। कानून के बनने से थाईलैंड में समलैंगिक विवाह की मांग करने वाले कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। 22 जनवरी को थाईलैंड में यह कानून लागू होगा। उसी दिन एक हजार से अधिक समलैंगिक जोड़े का सामूहिक विवाह कराने की तैयार भी चल रही है। यह आयोजन बैंकॉक में किया जाएगा। बता दें कि थाईलैंड में पिछले एक दशक से एलजीबीटीक्यू समुदाय यह लड़ाई लड़ रहा था।

# न्यूयॉर्क में हुई जी4 देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात, सुरक्षा परिषद के तत्काल सुधार पर दिया जोर

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।**
अमेरिका के न्यूयॉर्क में चार देशों के समूह (जी4) ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत के विदेश मंत्रियों ने मुलाकात की। इस दौरान स्थिति का आकलन किया गया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की संभावनाओं पर चर्चा की गई।

**इस पर हुई बात:** विदेश मंत्रालय ने बताया कि ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो विएरा, जर्मनी की संघीय विदेश मंत्री अनालेना बेयरबॉक, भारत के विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर और जापान के विदेश मंत्री योको कामिकावा ने 23 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के दौरान स्थिति का आकलन करने और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए मुलाकात की।



जी4 मंत्रियों ने संयुक्त राष्ट्र के मूल में बहुपक्षीय प्रणाली के लिए मौजूदा महत्वपूर्ण चुनौतियों का उल्लेख किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि संयुक्त राष्ट्र को समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करने और इस प्रकार वर्तमान और भविष्य के लिए उपयुक्त बनाने के किसी भी प्रयास का एक अनिवार्य हिस्सा सुरक्षा परिषद का व्यापक सुधार है। उन्होंने 22 और 23 सितंबर 2024 को भविष्य के शिखर सम्मेलन का स्वागत किया, जहां विश्व नेताओं ने सुरक्षा परिषद के तत्काल सुधार का जोरदार आह्वान किया।

**ब्राजील की पहल का भी स्वागत:** इस संबंध में, जर्मनी, भारत और जापान के मंत्रियों ने जी-20 की ब्राजील की अध्यक्षता के संदर्भ में वैश्विक शासन सुधार पर कार्रवाई के लिए आह्वान शुरू करने की ब्राजील की पहल का भी स्वागत किया। उन्होंने वैश्विक शासन को बदलने के महत्व पर जोर दिया और इस बात पर जोर दिया कि भविष्य के शिखर सम्मेलन के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधार पर चर्चा सर्वोच प्राथमिकता बनी हुई है।

**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार का आह्वान:** जी-4 मंत्रियों ने सदस्यता की स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार का आह्वान किया। इसका इस दौरान काफी संख्या में सदस्य देशों ने इसका समर्थन किया ताकि परिषद की वैधता बढ़ाई जा सके और इसकी प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सके।

वे सुरक्षा परिषद में दोनों सदस्यता श्रेणियों में विकासशील देशों और अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले देशों की भूमिका और भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर सहमत हुए। इस संबंध में, उन्होंने दोनों सदस्यता श्रेणियों में अफ्रीका, एशिया-प्रशांत, लैटिन अमेरिका और कैरिबियन जैसे कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों और क्षेत्रों के बेहतर प्रतिनिधित्व के महत्व पर भी जोर दिया। मंत्रियों ने एजुल्विनी सर्वसम्मति और सिर्ते घोषणा में निहित अफ्रीकी स्थिति के प्रति अपने मजबूत समर्थन की पुष्टि की।

## बांग्लादेश के बदले सुर, जल्द ही भारत से सीमा पार नदियों के जल बंटवारे पर करेगा बातचीत

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश शीघ्र ही भारत के साथ सीमा पार नदियों के जल बंटवारे पर बातचीत करने के लिए कदम उठाएगा। अंतरिम सरकार के एक सलाहकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत और बांग्लादेश 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की ढाका यात्रा के दौरान तीस्ता जल बंटवारे पर एक समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले थे, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने राज्य में पानी की कमी का हवाला देते हुए इसका समर्थन करने से इनकार कर दिया।

सरकारी बीएसएस समाचार एजेंसी की खबर के अनुसार, यहां 'साझा नदियों के जल पर बांग्लादेश का उचित हिस्सा शीर्षक से आयोजित एक संगोष्ठी में जल संसाधन सलाहकार सईदा रिजवाना हसन ने कहा कि बांग्लादेश शीघ्र ही भारत के साथ सीमा पार नदियों के जल बंटवारे पर बातचीत करने के लिए कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि बातचीत जनता की राय पर विचार करने के बाद की जाएगी और बातचीत के नतीजों को लोगों के साथ साझा किया जाएगा। रिजवाना ने कहा कि यद्यपि अंतरराष्ट्रीय नदियों का जल बंटवारा एक जटिल मुद्दा है, लेकिन आवश्यक सूचनाओं का आदान-प्रदान राजनीतिक नहीं होना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129